
# नेशनल प्रेस टाइम्स



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, गुरुवार
30 जनवरी 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) | वर्ष : 10, अंक : 333 | www.nationalpresstimes.com | पृष्ठ : 10 | मूल्य : 05 रुपया | RNI No : UPHIN/2015/64579


## महाकुंभ भगदड़: हादसे की होगी न्यायिक जांच, तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर सौंपेगी रिपोर्ट, मिलेगा 25 लाख का मुआवजा



लखनऊ । महाकुंभ में हुए हादसे की न्यायिक जांच की जाएगी। पीड़ितों को 25 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। महाकुंभ भगदड़ मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संगम तट पर एक दुर्भाग्यपूर्ण हदासा हुआ है। जिसमें 90 से ज्यादा लोग घायल हुए। जिसमें करीब 30 लोगों की मौत हो चुकी है। घटना दुखद है उन सभी परिजनों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है।


मुख्यमंत्री ने हादसे की न्यायिक जांच के आदेश देते हुए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। इस आयोग के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार होंगे, जबकि पूर्व डीजी वी.के. गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डी.के. सिंह को आयोग में शामिल किया गया है। यह आयोग एक समय सीमा के अंदर अपनी रिपोर्ट देगा। पुलिस भी मामले की जांच करेगी और हादसे के कारणों की गहराई से पड़ताल की जाएगी। यही नहीं, गुरुवार को मुख्य सचिव और डीजीपी भी प्रयागराज जाकर घटना की समीक्षा करेंगे।

**मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख का मुआवजा** - मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरी चिंता जताते हुए कहा, "प्रशासन ने कई दौर की समीक्षा बैठकें की थीं, फिर भी यह हादसा कैसे हुआ? इसकी गहन जांच होगी।" सरकार ने मृतकों के परिवारों को ?25-25 लाख की सहायता राशि देने की भी घोषणा की है। इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव और डीजीपी को गुरुवार को घटनास्थल का दौरा कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। वे हालात का जायजा लेंगे और रिपोर्ट सौंपेंगे।

वहीं तमाम व्यवस्था के बावजूद घटना होने की वजह से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार को बृहस्पतिवार को प्रयागराज जाने का निर्देश दिया गया है।

शेष पेज 2 पर

## कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावट आई, पर अब सब ठीक है', पीएम मोदी बोले



नई दिल्ली । इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना का जिक्र किया। शेष पेज 2 पर

## नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

### अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी



**नई दिल्ली।** मंत्री ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में, और उच्च तकनीकी उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा में महत्वपूर्ण खनिजों की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने के लिए पिछले दो वर्षों में कई पहल की हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को कई परियोजनाओं पर कैबिनेट द्वारा लिए गए प्रमुख फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, कैबिनेट ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के लिए 16,300 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के व्यय और पीएसयू आदि द्वारा 18,000 करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) के शुभारंभ को मंजूरी दे दी है।

मंत्री ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में, और उच्च तकनीकी उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा में महत्वपूर्ण खनिजों की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने के लिए पिछले दो वर्षों में कई पहल की हैं। सरकार ने एक बयान में कहा कि महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता है।

शेष पेज 2 पर

## महिलाओं को हर महीने 2500, युवाओं को 8500 रुपये, कांग्रेस के घोषणा पत्र में क्या?



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं और युवाओं के लिए कई वादे किए हैं। कांग्रेस ने दिल्लीवासियों को पांच गारंटियां भी दी हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पहले राजनीतिक दलों की तरफ से घोषणा पत्र का एलान किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के बाद कांग्रेस ने आज ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणापत्र में कांग्रेस ने जनता को 5 गारंटियां भी दी हैं। इस दौरान कांग्रेस दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं और युवाओं के लिए कई वादे किए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस गारंटी का इस्तेमाल आज सभी पार्टियां कर रही हैं। शेष पेज 2 पर

## इसरो का शतक, भारत हुआ और ताकतवर

### जितेंद्र सिंह बोले- यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण

**नई दिल्ली।** इसरो का 100वां मिशन किस बारे में था? आखिर इसकी सफलता के क्या मायने हैं? किस क्षेत्र में भारत अब जल्द ही दूसरी महाशक्तियों पर निर्भरता को पूरी तरह खत्म कर सकता है? आइये जानते हैं...



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 100वां लॉन्च मिशन सफल हो गया है। एनवीएस-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करने के बाद इसरो की इस उपलब्धि को बड़ा मुकाम करार दिया जा रहा है। देशभर की बड़ी हस्तियों ने इस मिशन की सफलता को लेकर इसरो को बधाई दी हैं।

ऐसे में यह जानना अहम है कि इसरो का 100वां मिशन किस बारे में था? आखिर इसकी सफलता के क्या मायने हैं? किस क्षेत्र में भारत अब जल्द ही दूसरी महाशक्तियों पर निर्भरता को पूरी तरह खत्म कर सकता है? आइये जानते हैं...

**क्या है इसरो का 100वां मिशन?**

इसरो ने बुधवार सुबह 6.23 बजे अपना 100वां मिशन लॉन्च किया। इसके तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से जीएसएलवी-एफ15 के जरिए 2250 किलोग्राम की नैविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-02 को भेजा गया। नैविगेशन उपग्रह एनवीएस-2 नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टलेशन यानी नाविक श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है। इस श्रृंखला में कुल पांच सैटेलाइट भेजी जानी हैं।

शेष पेज 2 पर

## हिम्मत है तो...CAG रिपोर्ट को लेकर आप सरकार पर हमलावर हुई कांग्रेस



**नई दिल्ली।** पवन खेड़ा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय राजधानी में आप सरकार के प्रदर्शन पर सीएजी रिपोर्ट पर बहस की चुनौती भी दी। क्या उन्होंने अपनी CAG रिपोर्ट पढ़ी है? वह हमारे (कांग्रेस) खिलाफ फर्जी सीएजी रिपोर्ट लेकर पूरे देश में घूमते थे। अब जब उनके खिलाफ इतनी सारी उअऋ रिपोर्टें आ गई हैं तो उनका मुंह क्यों बंद है?

कांग्रेस ने बुधवार को 14 विवादास्पद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट पेश करने को लेकर आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की आलोचना की। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल अपनी सरकार (यूपीए II) के खिलाफ सीएजी रिपोर्ट के फर्जी ड्राफ्ट लेकर आते थे लेकिन अब चुप हैं। पवन खेड़ा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय राजधानी में आप सरकार के प्रदर्शन पर सीएजी रिपोर्ट पर बहस की चुनौती भी दी। क्या उन्होंने अपनी CAG रिपोर्ट पढ़ी है? शेष पेज 2 पर

## हरियाणा के सीएम ने नदी का पानी पिया बोले- जांच में भी कोई जहर नहीं मिला

### यमुना में बढ़ी अमोनिया पर घमासान



दिल्ली । दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना नदी के जल में जहरीले पदार्थों की मिलावट को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। जल बोर्ड का दावा है कि सर्दियों के मौसम अक्तूबर से फरवरी तक यमुना नदी में अमोनिया का स्तर स्वाभाविक रूप से बढ़ता है।

यमुना में बढ़े अमोनिया को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली से सटे पल्ला गांव में यमुना नदी से पानी को पिया।

इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि अपने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए अरविंद केजरीवाल ने विवादिता बयान दिया। आज मैं यहां यमुना नदी के तट पर आया हूं और यमुना से पानी का एक घूंट पिया है। जल संसाधन प्राधिकरण ने यहां से नमूने लिए और पानी में कोई जहर नहीं मिला।

**यह था मामला**-आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर यमुना में जहर मिलाने का दावा किया था।

शेष पेज 2 पर

## फर्जी रिपोर्ट बनाने वाले अनाया डायग्नॉस्टिक सेंटर के खिलाफ कोर्ट का चाबुक

### एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नोएडा। नोएडा के इ 57 सेक्टर 52 स्थित अनाया अल्ट्रासाउंड सेंटर के डॉक्टरो पर फर्जी रिपोर्ट करने के गम्भीर आरोप लगे हैं। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौतम बुद्धनगर ने प्रकरण की गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश सेक्टर 24 थाने को दिया। और सप्ताह भर के अंदर कार्रवाई की रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किए जाने का आदेश भी दिया।

वाकया नोएडा के सेक्टर 52 स्थित अनाया डायग्नोसिस सेंटर का है जहां डॉ शिवानी ने विगत 13 अप्रैल 23 को अर्चना मिश्रा का अल्ट्रासाउंड किया था फर्जी रिपोर्ट के मुताबिक मरीज के गुर्दे में 17.5 एमएम पथरी होने की रिपोर्ट दिया। परिजनों को संदेह हुआ तो उन्होंने




नोएडा सेक्टर 61 अल्ट्रासाउंड डायमेंशन 14 अप्रैल 23 को डाक्टर मोनिका जी के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जाकर दोबारा से अल्ट्रासाउंड कराया। तो पता चला की पथरी जैसी कोई बात नहीं है।

विश्वास और अविश्वास के बीच झूलता यह परिवार एक बार फिर से 21 अप्रैल 23 को नोएडा सेक्टर 11 स्थित मेट्रो हॉस्पिटल में फिर से अल्ट्रासाउंड कराया। इस बार भी पथरी जैसी कोई रिपोर्ट नहीं आई । अब सवाल उठता है कि अनाया अल्ट्रासाउंड सेंटर. जिसने 17.5 एमएम पथरी क्यू रिपोर्ट किया? । दरअसल अल्ट्रासाउंड डायग्नोसिस सेंटर संगठित अपराध की तरह व्यवहार कर रहे हैं। मरीजों को इस तरह से रिपोर्ट करके उन्हें ऑपरेशन के लिए विवश करते हैं।

शेष पेज 2 पर

# दिल्ली में फिर लौट रही है ठंड?: आज कई जगह घना कोहरा रहने का अनुमान, बादल भी छाए रहेंगे

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली ।बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री व अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कल घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है, आसमान में बादल रह सकते हैं।

राजधानी में सुबह-शाम अच्छी ठंड पड़ रही है। जबकि दिन में धूप निकलने के बाद हल्की गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि यह सिलसिला अगले तीन से चार दिन तक बरकरार रह सकता है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा सकती है। विभाग ने बृहस्पतिवार को घने कोहरे का अनुमान जताया है। ऐसे में अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा व कुछ स्थानों पर सुबह के समय बहुत घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। आसमान में बादल छाए रहेंगे।

अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 08 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। यही नहीं,



अगले महीने एक बार फिर से मौसम करवट लेगा। विभाग का अनुमान है कि तीन फरवरी और चार फरवरी को हल्की बारिश हो सकती है। इससे ठिठुरन बढ़ेगी। उधर, बुधवार को लोगों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया। दिन में लोगों को ठंड से राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान छह डिग्री के करीब रिकॉर्ड हुआ। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक रहा, जोकि 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं, सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। साथ ही, पालम एयरपोर्ट में सुबह साढ़े सात बजे के करीब दृश्यता 1100 मीटर रही।

**पूसा इलाका रहा सबसे ठंडा**

मौसम विभाग के मुताबिक, पूसा में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुकाबले सबसे कम दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, आया नगर में 7 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 7.2, रिज में 8.5 और पालम में 8.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। साथ ही, हवा में नमी का स्तर 41 फीसदी के साथ 100 फीसदी तक रहा।

# बिहार के जनजातीय मेहमानों से राष्ट्रपति और पीएम ने की मुलाकात

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

पटना/नई दिल्ली । नई दिल्ली में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बिहार के जनजातीय मेहमानों से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अतिथियों के उनसे अनुभव साझा किए।

76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बिहार के जनजातीय प्रतिनिधियों को विशेष सम्मान मिला। नई दिल्ली में आयोजित राजकीय समारोह में देशभर से आमंत्रित जनजातीय समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर माननीय राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मु ने 28 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में इन अतिथियों से भेंट की और उनके अनुभव साझा किए।

पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड से माल पहाड़िया समुदाय के दो सदस्य ज्योति कुमारी और संतोष कुमार इस विशेष कार्यक्रम में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किए गए थे। उनके साथ संपर्क पदाधिकारी के रूप में अमित भास्कर, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग भी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

### महाकुंभ भगदड़: हादसे की होगी न्यायिक जांच, तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर सौंपेगी रिपोर्ट, मिलेगा 25 लाख का मुआवजा

दोनों अधिकारी घटना के कारणों की समीक्षा करेंगे और अपनी रिपोर्ट सीएम को सौंपेंगे। वहीं घटना के बारे में सीएम ने कहा कि यह दुखद और मर्माहत करने वाली है। उन सभी परिजनों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। हम लोग रात से ही लगातार मेला प्राधिकरण, प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के संपर्क में हैं। फिर भी अन्य जितनी भी व्यवस्थाएं हो सकती थीं, उन सबको वहां तैनात किया गया था।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में हुए हादसे का अपडेट

बुधवार देर शाम मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और डीआईजी वैभव कृष्ण ने मौनी अमावस्या के पर्व पर संगम नोज में हुए हादसे की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त से पूर्व प्रातः एक बजे से 2 बजे के बीच मेला क्षेत्र में अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ का दबाव बना। भीड़ के दबाव के कारण दूसरी ओर के बैरीकेड्स टूट गए और लोग बैरीकेड्स लांघकर दूसरी तरफ आ गए और ब्रह्म मुहूर्त पर स्नान का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को कुचलना शुरू कर दिया।

शासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य करते हुए भीड़ को हटाया और एंबुलेंस के माध्यम से लगभग 90 घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन इसमें से दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई है। इनमें से 25 की पहचान हो चुकी है और शेष की शिनाख्त की जानी बाकी है।

मृतकों में कुछ लोग बाहर के प्रदेशों से हैं, जिसमें कर्नाटक से 4, असम से एक, गुजरात से एक है। कुछ घायलों को परिवार के लोग लेकर चले गए हैं तथा 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन के द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है। इस समय स्थिति सामान्य है।

29 जनवरी को शासन ने सख्त निर्देश दिए थे कि कोई भी वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा। आज मेला प्रशासन ने वीआईपी प्रोटोकॉल इंटरटेन नहीं किया। जो भी मुख्य स्नान पर्व हैं उस पर कोई वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

**29 जनवरी को नहीं था कोई वीआईपी मूवमेंट: डीआईजी**

डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ के समय संगम पर जो लोग लेटे हुए थे, उनके ऊपर भीड़ चढ़ गई। आज 29 जनवरी को शासन से सख्त निर्देश थे कि कोई वीआईपी मूवमेंट नहीं रहेगा।

**मीडिया से डीआईजी ने की यह अपील**

भगदड़ से जुड़ी जानकारी साझा कर रहे डीआईजी वैभव कृष्ण ने मीडिया के सवालों के उत्तर नहीं दिए और उन्होंने कहा कि हमें लोगों को उनके घरों तक पहुंचाना, हाथ जोड़कर निवेदन है कि हमारा सहयोग कीजिए।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है, जिससे कोई व्यक्ति अगर गायब है तो उसके संबंध में जानकारी की जा सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि इस समय स्थिति सामान्य है। मुख्यमंत्री द्वारा सभी पूज्यनीय महामंडलेश्वर, संतों और अखाड़ों से वार्ता कर आग्रह किया गया कि अमृत स्नान थोड़ी देर से किया जाए। सभी संतों ने इस बात को माना और आज अमृत स्नान थोड़ी देर से हुआ। जोकि सकुशल संपन्न हुआ है।

**इन राज्यों के इतने लोगों की मौत**

डीआइजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने बताया कि मरने वाले 30 में से 25 श्रद्धालुओं की पहचान हो चुकी है और बाकी की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इनमें कर्नाटक के 4, असम के 1, गुजरात के 1 लोग शामिल हैं। फिलहाल श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 36 लोगों का इलाज किया जा रहा है। हादसे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि वहां कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं था। घायलों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी की गई है।

**कर्नाटक के चार लोग शामिल**

बेलगावी उत्तर से कांग्रेस विधायक आसिफ सैत ने भी दुखद घटना की सूचना मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने भी कहा कि महाकुंभ में हुए हादसे में बेलगावी शहर के चार लोगों की जान चली गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमें जानकारी मिली है कि भगदड़ में बेलगावी शहर के चार लोगों की मौत हो गई है। हम उनके परिजनों के साथ हैं। साथ ही आसिफ सैत ने राज्य सरकार से मृतकों के परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने की अपील भी की। विधायक ने यह भी बताया है कि बेलगावी के उपायुक्त मोहम्मद रोशन ने विशेष उपायुक्त को प्रयागराज जाकर शवों को वापस लाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

**इन लोगों की हुई मौत**

महाकुंभ में जिन लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है उनमें वडागांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता ज्योति हट्टारवाड़ (50) और उनकी बेटी मेघा हट्टारवाड़ (16) की मौत हो गई है। इसके अलावा, अन्य दो लोगों में बेलगावी की महादेवी भवनूर और अरुण भी शामिल हैं।

ज्योति हट्टारवाड़ के परिजनों ने बताया कि मां-बेटी की जोड़ी 26 जनवरी को एक निजी ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से बस से प्रयागराज गई थी। उनके साथ 13 सदस्यीय यात्रा समूह का हिस्सा थी। ज्योति के भाई गुरुराज ने कहा कि घायल होने के बाद, वे आज सुबह प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। तमाम कोशिशों के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

### कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावट आई, पर अब सब ठीक है', पीएम मोदी बोले

उन्होंने कहा कि आज की चुनाव सभा को संबोधित करने से पहले मैं महाकुंभ में जो दुःखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोटें भी आई हैं।

प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हुए हैं। कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावट आई थी, लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रूप से यात्री स्नान कर रहे हैं। मैं फिर एक बार उन परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।'

मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार महाकुंभ की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और राज्य सरकार से लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने अब तक तीन बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की है। उन्होंने स्थिति सामान्य करने और राहत कार्य के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं।

4.24 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई-इस बीच महाकुंभ मेले में भगदड़ जैसी घटना होने के बावजूद श्रद्धालुओं का आना जारी है और मेला प्रशासन के मुताबिक, आज दोपहर 12 बजे तक करीब 4.24 करोड़ श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। आज तक पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 20 करोड़ को पार कर गई है।

भारी संख्या में लोगों का आना जारी-एक अधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में भारी संख्या में लोगों का आना जारी है और जिला प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए चंद्रशेखर आजाद पार्क का गेट भी खोल दिया है ताकि लोग सड़क के बजाय पार्क में बैठें। बुधवार को तड़के संगम नोज पर भगदड़ जैसी स्थिति बनने से कई लोग घायल हो गए जिन्हें मेला क्षेत्र में बने अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

इस दृष्टिकोण के अनुरूप, वित्त मंत्री ने 23 जुलाई 2024 को 2024-25 के केंद्रीय बजट में क्रिटिकल मिनरल मिशन की स्थापना की घोषणा की।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन, मूल्य श्रृंखला के सभी चरणों को शामिल करेगा, जिसमें खनिज अन्वेषण, खनन, लाभकारी, प्रसंस्करण और अंतिम उत्पादों से पुनर्प्राप्ति शामिल है। यह मिशन देश के भीतर और इसके अपतटीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेज करेगा। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिज खनन परियोजनाओं के लिए एक फास्ट ट्रैक नियामक अनुमोदन प्रक्रिया बनाना है। इसके अतिरिक्त, मिशन महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगा और ओवरबर्डन और टेलिंग्स से इन खनिजों की वसूली को बढ़ावा देगा।

### हरियाणा के सीएम ने नदी का पानी पिया बोले- जांच में भी कोई जहर नहीं मिला

आप का कहना है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया की मात्रा बहुत अधिक होने से दिल्ली के तीन जल आपूर्ति संयंत्र बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं और राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट शुरू हो गया है। वहीं, केजरीवाल के आरोपों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा भाजपा ने पलटवार किया था।

यमुना में जहर पर जल बोर्ड ने दिया स्पष्टीकरण-दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना नदी के जल में जहरीले पदार्थों की मिलावट को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। जल बोर्ड का दावा है कि सर्दियों के मौसम अक्तूबर से फरवरी तक यमुना नदी में अमोनिया का स्तर स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। जलशोधन संयंत्रों को पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) तक अमोनिया का शोधन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यदि अमोनिया का स्तर दो से ढाई पीपीएम तक पहुंचता है तो इसे कैरियर लाइन चैनल और दिल्ली सब ब्रांच से पानी मिलाकर पतला किया जाता है।

इस प्रक्रिया से उच्च अमोनिया स्तर वाले पानी को शुद्ध किया जाता है। जल बोर्ड ने इस बारे में मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। जल बोर्ड की सीईओ शिल्पा शिंदे ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि वह इस मामले को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के संज्ञान में लाएं। वजह यह कि इससे अंतरराज्यीय संबंधों पर असर पड़ता है।

### इसरो का शतक, भारत हुआ और ताकतवर

इससे पहले एनवीएस-01, जो दूसरी पीढ़ी का पहला सैटेलाइट था, 29 मई 2023 को जीएसएलवी-एफ12 के जरिए लॉन्च किया गया था। जबकि, एनवीएस-02, एनवीएस सीरीज का दूसरा सैटेलाइट है। इसमें एल1, एल5 और एस बैंड में नेविगेशन पेलोड के साथ-साथ सी-बैंड में रेंजिंग पेलोड भी लगाया गया है, जैसा कि इसकी पहली पीढ़ी की सैटेलाइट एनवीएस-01 में था।

इसरो के मिशन में क्या-क्या खास?-अंतरिक्ष मामलों के विशेषज्ञों के मुताबिक, एनवीएस-02 के जरिए भारत अपने नाविक सिस्टम को मजबूत करेगा।

इसरो का यह उपग्रह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से देश में ही बना है। इसे यूआर सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) में डिजाइन, विकसित और तैयार किया गया है। नवंबर-दिसंबर 2024 के बीच इस सैटेलाइट की टेस्टिंग की गई, जिसमें इसकी हर परिस्थिति का सामना करने की काबिलियत को परखा गया।

इसमें भारत के सटीक समय की जानकारी देने के लिए एक परमाणु घड़ी भी लगाई गई है, जिसे रूबिडियम एटॉमिक फ्रीक्वेंसी स्टैंडर्ड (आरएएफएस) भी कहा जाता है।

इस मिशन को लॉन्च करने की जरूरत क्यों है, इससे क्या हासिल होगा?-जिस नाविक प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए इस उपग्रह को लॉन्च किया गया है, उसके जरिए भारत को कई क्षेत्रों में स्वतंत्र और स्वायत्त बनाने के लिए की गई है। मसलन भारत में अभी नक्शों से लेकर मोबाइल-कंप्यूटर पर समय तक के लिए लोगों को विदेशी तकनीक पर निर्भर रहना पड़ता है।

भारत में नक्शे पर किसी भी जगह या किसी चीज की सटीक स्थिति बताने, गति और डिजिटल डिवाइसेज पर सही समय बताने के लिए देश अब तक अमेरिका के ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) तकनीक या रूस के ग्लोनास (ऋछडठअरर) सिस्टम पर निर्भर है।

इतना ही नहीं दुनिया की अधिकतर महाशक्तियों ने सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम के क्षेत्र में स्वायतत्ता हासिल करने के लिए अपनी खुद की प्रणालिया बना ली हैं। अमेरिका और रूस के अलावा चीन ने अपना बेइडू (झेिऊङ४) नैविगेशन सिस्टम स्थापित किया है। इसके अलावा यूरोपीय संघ अपने क्षेत्र में नैविगेशन सेवाओं के लिए गैलिलियो सिस्टम का इस्तेमाल करता है।

रूस-अमेरिका की प्रणालियां कर रहीं मदद, फिर क्यों भारत ने बनाया अपना नैविगेशन सिस्टम?

भारत की तरफ से अपना नैविगेशन सिस्टम- नाविक बनाने की एक अहम वजह कूटनीतिक स्तर पर स्वतंत्रता और स्वायत्तता हासिल करना है। दरअसल, किसी तनाव की स्थिति में विदेशी ताकतें अपने सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम के इस्तेमाल को दूसरे देशों के लिए बंद कर सकती हैं।

भारत के साथ 1999 में यह हो भी चुका है। कारगिल युद्ध के दौरान भारत ने अमेरिका से अपने ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) के जरिए ट्रैकिंग की सुविधा कारगिल में मुहैया कराने की मांग की थी। इसके जरिए भारत आतंकियों की सही स्थिति जानने की कोशिश में था। हालांकि, तब अमेरिका ने इस मांग को नकार दिया था। तब भारत को पहली बार अपने स्वदेशी सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम की जरूरत महसूस हुई, जो देश के नक्शे पर सही स्थिति, सही समय और गति बताने का काम करे। इसी कड़ी में 2006 में भारत ने स्वदेशी प्रोजेक्ट नाविक की शुरूआत की।

अभी किस चरण में है भारत का स्वदेशी सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम?-भारत की तरफ से इस प्रोजेक्ट में सैटेलाइट लॉन्च करने की प्रक्रिया 2013 से ही शुरू कर दी गई थी। तब भारत ने आईआरएनएसएस वर्ग की सैटेलाइट लॉन्च की थीं। 2013 से 2018 तक इस रेंज की कुल नौ सैटेलाइट लॉन्च की गईं।

भारत ने इसके बाद एनवीएस सीरीज की सैटेलाइट्स लॉन्च करना शुरू किया। इन सैटेलाइट का मकसद आईआरएनएसएस सैटेलाइट प्रणालियों को और मजबूत करना है। एनवीएस-2 इस श्रेणी की सबसे नई सैटेलाइट है।

इस प्रोजेक्ट के तहत अब तक कुल 11 सैटेलाइट (नौ क्म्ठरर सैटेलाइट और दो ठशर सैटेलाइट) लॉन्च की गई हैं, जिनमें से एक का लॉन्च नाकाम रहा था। वहीं 10 सैटेलाइट अपनी कक्षाओं में हैं। इनमें से 6 सैटेलाइट ठीक ढंग से काम कर रही हैं। वहीं चार सैटेलाइट शॉर्ट मैसेज ब्रॉडकास्ट सेवाओं में काम आ रही हैं।

किस काम में आ रहा भारत का यह सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम?9भारत का यह सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम फिलहाल सैन्य क्षेत्रों में इस्तेमाल के लिए ही सीमित रखा गया है। यानी इस सिस्टम को कूटनीतिक क्षेत्र में प्रयोग किया जा रहा है।

हालांकि, एनवीएस सैटेलाइट्स के कक्षा में स्थापित होने के बाद नाविक सिस्टम और ज्यादा मजबूत होकर उभरेगा। एनवीएस वर्ग की पांच सैटेलाइट्स की स्थापना के बाद नाविक सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम को नागरिकों को भी मुहैया कराए जाने की संभावना है।

यह सिस्टम कितना सटीक होगा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह भारत की धरती पर 10 मीटर की दूरी तक की सही गणना बता देगा। यानी सैटेलाइट हर 10 मीटर के क्षेत्र पर मूवमेंट पर निगाह रखेंगी।

इतना ही नहीं, भारत के बाहर यह सिस्टम 20 मीटर तक सटीक होगा। इस पूरे सिस्टम की रेंज भारत और आसपास के क्षेत्र में 1500 किलोमीटर तक होगी।

पूरी दुनिया में नैविगेशन की सुविधा देगा नाविक-बताया जाता है कि भारत के इस नैविगेशन सिस्टम को समय के साथ ही पूरी दुनिया में फैलाया जाएगा। यानी जीपीएस और ग्लोनास की तरह ही भारत का नाविक भी दुनिया में मौजूद हर क्षेत्र में नैविगेशन यानी निगरानी के काम आएगा। वह भी सिर्फ जमीन के क्षेत्र में नहीं, बल्कि नौपरिवहन में भी इस सिस्टम की बड़ी भूमिका होगी और समुद्र-महासागर में मौजूद शिप-पोतों के अलावा बाकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी।

भारत को अपने नाविक सिस्टम को दुनिया में फैलाने के लिए पृथ्वी से करीब 24,000 किलोमीटर ऊपर 24 सैटेलाइट्स का एक अलग कॉन्स्टलेशन खड़ा करना पड़ेगा, जो कि बड़े क्षेत्र में कवरेज देने में सक्षम होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसरो ने केंद्र सरकार को पृथ्वी की मध्य कक्षा में 12 सैटेलाइट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसके जरिए धीरे-धीरे नाविक को पूरी दुनिया में नैविगेशन के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा।

### हिम्मत है तो...CAG रिपोर्ट को लेकर आप सरकार पर हमलावर हुई कांग्रेस

वह हमारे (कांग्रेस) खिलाफ फर्जी सीएजी रिपोर्ट लेकर पूरे देश में घूमते थे। अब जब उनके खिलाफ इतनी सारी उअग्र रिपोर्टें आ गई हैं तो उनका मुंह क्यों बंद है?

कांग्रेस नेता ने कहा कि हिम्मत है तो आएं और अपनी सीएजी रिपोर्ट पर बहस करें (अगर उनमें हिम्मत है तो उन्हें हमारे साथ सीएजी रिपोर्ट पर बहस करनी चाहिए। केजरीवाल छोटी कार में आते थे और नई तरह की राजनीति का वादा करते थे। अगर आपको याद हो तो वह भ्रष्टाचार के खिलाफ बिजली के खंभे पर चढ़ गए थे. वह अब इस देश के सबसे बड़े शराब घोटाले में शामिल है। राहुल गांधी ने कहा था कि जब मोदी जी ने मुझे मेरे घर से बाहर निकाला, तो मैंने चाबियाँ सौंप दीं और कहा कि मुझे इसकी जरूरत नहीं है, लेकिन केजरीवाल शीश महल में रहते थे, जिसे सभी ने देखा है।

केजरीवाल ने भी राहुल गांधी पर तीखा पलटवार करते हुए नेशनल हेराल्ड मामले और रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े जमीन हड़पने के मामले को लेकर उन पर निशाना साधा था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार उन रिपोर्टों को पेश करने पर जोर दे रही है - जिनमें से कई सरकार की स्पष्ट रूप से आलोचनात्मक हैं और जिनमें से कई हिस्सों को भाजपा ने सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया है।

### महिलाओं को हर महीने 2500, युवाओं को 8500 रुपये, कांग्रेस के घोषणा पत्र में क्या?

पहली बार कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक चुनाव के दौरान गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया था, हम चाहते थे कि जनता तक ये संदेश जाए कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। ये गारंटी सिर्फ पार्टी की नहीं है बल्कि ये जनता का हक है। कांग्रेस ने दिल्ली के लिए अपनी 5 गारंटी बहुत पहले ही दे दी है जिन्हें पूरा किया जाएगा।

कांग्रेस के घोषणापत्र में प्यारी दीदी योजना, जीवन रक्षा योजना, युवा उड़ान योजना, महंगाई मुक्त योजना और फ्री बिजली योजना शामिल हैं।

**कांग्रेस ने दिल्लीवासियों को दी ये पांच गारंटियां**

प्रत्येक गरीब परिवार एक महिला को महीने 2,500 रुपए देंगे।

दिल्ली के सभी निवासियों को 25 लाख रुपए तक के मुक्त इलाज की सुविधा देंगे। इसमें फ्री दवाएं और जांच भी शामिल होंगी।

सभी बेरोजगार युवाओं को पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर में एक साल की अप्रेंटिसशिप देंगे, इस दौरान उन्हें भी 8,500 रुपये हर महीने मिलेंगे। हम 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देंगे। हर महीने 5 किलो चावल, 2 किलो चीनी, 1 किलो कुकिंग ऑयल, 6 किलो दाल, 250 ग्राम चाय पत्ती समेत एक मुफ्त राशन कीट देंगे।

सभी पात्र परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे।

### फर्जी रिपोर्ट बनाने वाले अनाया डायग्नॉस्टिक सेंटर के खिलाफ कोर्ट का चाबुक

इसका क्या मतलब निकाला जाए इस रिपोर्ट को आधार बनाकर मरीज के परिजन निर्णय ले लेते अनावश्यक रूप से लाखों रुपए का व्यय होता। अनन्या डायग्नोसिस की गलत रिपोर्ट पर नोएडा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गई शिकायत पर सिर्फ लीपापोती करते हुए इतिश्री कर दिया। लेकिन चिकित्सा अधिकारी के अनुसार भी कोई पथरी नहीं पायी गई ...

डायग्नोसिस सेंटर संचालक और डॉक्टर के बीच एक बड़ा नेक्सस बना हुआ है। जिस कारण शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में पीड़िता अर्चना मिश्रा ने न्यायालय में बाद दायर किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए परीक्षणोंप्रान्त डायग्नोसिस सेंटर पर मुकदमा दर्ज किए जाने का आदेश संबंधित थाने को दिया है। न्यायालय के आदेश के बाद जहां डायग्नोसिस सेंटर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है तो वहीं पीड़िता को न्याय की उम्मीद मिलती दिखाई दे रही है..

# प्रथम कॉरिडोर के शेष ऐलिवेटेड भाग में 190 पाइल का निर्माण हुआ पूर्ण, 21 पिलर बनकर हुए तैयार

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा प्रथम कॉरिडोर के शेष ऐलिवेटेड भाग में तेज गति के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस भाग में अब तक 190 का पाइल का निर्माण पूर्ण कर लिया है। इसके साथ ही अब तक 26 पाइलकैप एवं 21 पिलर का निर्माण किया जा चुका है। बता दें कि प्रथम कॉरिडोर के शेष ऐलिवेटेड भाग (आईएसबीटी से सिकंदरा) में कुल 654 पाइल, 150 पाइलकैप एवं 150 पियर का निर्माण किया जाना है, जिसमें से अब तक 190 पाइल, 26 पाइलकैप एवं 21 पिलर का निर्माण किया जा चुका है।



इसके साथ ही यूपी मेट्रो द्वारा इस भाग में कुल 124 पियरकैप का परिनिर्माण किया जाना है, जिसमें से अब तक 12 पियरकैप सफलतापूर्वक रखे जा चुके हैं। इस भाग के लिए अरतौनी स्थित कास्टिंग यार्ड में पियरकैप, यू गर्डर आदि की कास्टिंग की जा रही है। ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा के बीच प्रथम कॉरिडोर में ताज ईस्ट गेट से मनःकामेश्वर मेट्रो स्टेशन तक सफलतापूर्वक मेट्रो का संचालन किया जा रहा है।

वहीं, इस कॉरिडोर के शेष भूमिगत भाग में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष चार भूमिगत स्टेशनों का सिविल निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है, फिलहाल यहां फिनिशिंग एवं सिस्टम आदि का काम किया जा रहा है। इस भाग में टनल निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है।

# श्री दादी महाराज जी का 3 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मदिन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। माघ शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि यानी आगामी 3 फरवरी को फुलेरा गांव में दादी महाराज जी मंदिर में श्री दादी महाराज जी का 252 वा जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

समाजसेवी हनी यादव ने बताया कि सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैंकड़ों महिला एवं पुरुष भाग लेंगे। कलश यात्रा दादी महाराज जी के जन्म स्थल गांव फुलेरा से शुरू होकर सती स्थल दादी महाराज जी के मंदिर पर आकर समाप्त होगी। उसके बाद सुबह 9 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा और फिर सुबह 10 बजे से भंडारा शुरू कर दिया जाएगा। शाम को साढ़े छह बजे दादी महाराज जी की आरती व दिव्य ज्योति प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील की है। बताया कि कार्यक्रम



में क्षेत्र की अनेक जानी-मानी हस्तियां भाग लेंगी। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# बड़ौत नगर में लड्डू महोत्सव हादसे में मृतकों की आत्माओं की शांति को लेकर छपरौली में व्यापारियों ने एक शोक सभा की।

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

छपरौली/बागपत -छपरौली कस्बे में संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा मंगलवार को बड़ौत में हुए हादसे पर अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए एक शोक सभा आयोजित की गई। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव मोनू जैन, संरक्षक नरेश गुप्ता ने इस दुख की घड़ी में छपरौली व्यापार मंडल के व्यापारी बड़ौत जैन समाज के साथ है। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई एवं घायल व्यक्तियों के लिए शीघ्र स्वस्थ



होने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। व्यापार मंडल के सचिव मोनू जैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सभी मृतकों व घायलों को अधिक से अधिक आर्थिक मदद की अपील की। शोक सभा में व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रमोद जैन, संरक्षक नरेश गुप्ता, सचिव मोनू जैन, दिनेश बंसल, अंकित जैन, राकेश गुप्ता, भूपेंद्र वशिष्ठ, उपाध्यक्ष राजीव जैन, संजय जैन, सुशील गुप्ता, मेहरबान अली, पवन कश्यप, आकाश , आदि व्यापार मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक रंगयात्रा के इंद्रधनुषी रंग में सराबोर हुआ स्मार्ट सिटी

**एनपीटी ब्यूरो**

**बरेली**,ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन एवं जिला समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नृत्य,नाट्य व गायन समारोह का आगाज सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।प्रथम सत्र का आरंभ डॉ. आकाश गंगवार,इंजी. राधेश्याम,श्याम सिंह एम.डी.आकाश बिल्डटेक ने किया।इस सत्र में गायन में शुभी टम्टा प्रथम,मीना गुप्ता,काव्या भारद्वाज द्वितीय,दिव्यांशी तृतीय स्थान पर रहे।द्वितीय सत्र का शुभारंभ अशोक अग्रवाल एम.डी. अशोका सेल्स,डॉ. रुचिन,विनोद गंगवार, डॉ.एम.एम.अग्रवाल,पूर्व महापौर सुप्रिया एरन,पार्षद राजेश अग्रवाल ने किया।इसमें युगल बालिका वर्ग में ज्योति-कनिष्का, आरोही-राज,अग्रिमा-भूमि प्रथम,



अनन्या-अंशिका,स्वाति-कविता द्वितीय,वैष्णवी-गौरिका,अंशिका-दीक्षा तृतीय रहे। तृतीय सत्र का शुभारंभ सपा के शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी,समर्थ मिश्रा, समाजसेवी जगमोहन,दिनेश मिश्रा एच.आर.मैनेजर सुपीरियर इंडस्ट्री ने किया।इसमें प्राइमरी एकल में अनाया श्रीवास्तव,अरहान सिंह प्रथम,अनन्या,राध्या मलिक द्वितीय,तनुश्री तृतीय स्थान पर रहे।सांस्कृतिक रंगयात्रा का शुभारंभ बिथरी विधायक डॉ.राघवेंद्र शर्मा,डॉ.अजय गुप्ता एम.डी.अजय प्रतिमा हॉस्पिटल ने किया इसमें पर्वतीय समाज सांस्कृतिक दल के हिमांशु गुरुरानी के निर्देशन में आयी हुई नंदा देवी राजजात यात्रा की झांकी एवं हल्द्वानी के शम्भू दत्त जोशी साहिल का छोलिया नृत्य आकर्षण का केन्द्र रही।चौथे सत्र का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. पवन सक्सेना,निर्भय सक्सेना,वीरेन्द्र अटल,मुकेश तिवारी ने किया।इसमें दिल्ली की टीम ने राजेश तिवारी के निर्देशन में नाटक ताजमहल का टेंडर₹,रत्नाकर ड्रामेटिक ग्रुप ने राकेश रत्नाकर के निर्देशन में ₹सीता स्वयंवर₹,शाहजहांपुर के शिवा सक्सेना के निर्देशन में ₹प्रणाम काकोरी₹,डॉ. अलका सिंह का भगत गायन,आजमगढ़ की रामलीला का मंचन हुआ।

इसके बाद समाजसेवी व संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सैय्यद सिराज अली,संरक्षक मोहम्मद नवी,संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू,कोषाध्यक्ष मेहबूब आलम के द्वारा पुरस्कार वितरण हुआ।लखनऊ भातखंडे से अपूर्वा कश्यप की कत्थक की विशेष प्रस्तुति हुई।समाजसेवी अशरफ अली का सम्मान हुआ।कार्यक्रम का सफल संचालन संजय मठ और सुनील धवन ने किया।निर्णायक मण्डल में डॉ. पंकज शर्मा,हरजीत कौर,नाहिद बेग, रत्ना वर्मा रहे। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत व पवन कालरा ने सभी का आभार व्यक्त किया !

# एसटीएफ ने 30 लाख रुपये की चरस के साथ पकड़ा तस्कर

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बिहार से स्मैक समेत अन्य मादक पदार्थों को लाकर कई जिलों में सप्लाई करने वाले आरोपी थाना रक्सोल पूर्वी चम्पारन बिहार निवासी अमित कुमार को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.89 किलोग्राम चरस बरामद हुई है।

बरामद हुए चरस को सहारनपुर में एक महिला तस्कर को देने के लिए जा रहा था। बरामद चरस की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 30 लाख रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ एसपी अब्दुल कादिर ने बताया कि आरोपी को लंबे समय से ट्रेस किया जा रहा था। उसे मंगलवार



की देर रात थाना गलशहीद क्षेत्र के संभल बस अड्डे के पास फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मादक पदार्थों को बिहार निवासी मास्टर से लेकर आता है। जिसे कई जिलों में सप्लाई करता है। इस बार वह सहारनपुर निवासी रशीला को सप्लाई देने के लिए जा रहा था। जिससे इसे मोटा मुनाफा होता है।

# रोडवेज बसों में महिला कंडक्टर की होगी सीधी भर्ती

**एनपीटी ब्यूरो**

**बरेली।** अब रोडवेज की बसों में आपको महिलाएं भी यात्रियों का टिकट बनाती दिखेंगी। जल्द ही परिवहन निगम संविदा पर महिला कंडक्टरों की भर्ती करेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई हैं। रोजगार मेले के दौरान ये भर्ती जल्द शुरू करने की बात कही जा रही है।

बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि परिवहन निगम मुख्यालय से निर्देश पर अनुबंध के आधार पर संविदा पर महिला कंडक्टर की सीधी भर्ती की जाएगी। 17 फरवरी को क्षेत्रीय कार्यशाला में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास निगम में पंजीकृत, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट-गाइड प्रमाण पत्र धारक आवेदकों को मेरिट के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।

**ये होनी चाहिए योग्यता**

महिला अभ्यर्थी की शैक्षिक में योग्यता इंटरमीडिएट व सीसीसी प्रमाण पत्र होना जरूरी है। इसके अलावा 18 से 40 साल तक आयु सीमा रखी गई है। अनुसूचित जाति व जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आयु की सीमा शासनादेश नियामानुसार होगी। इंटरमीडिएट में प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर चयन होगा। एनसीसी बी प्रमाण पत्र, भारत स्काउट गाइड एवं गाइड संस्था के राज्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र पर प्राप्तांकों में 5 प्रतिशत की छूट होगी।

# अटेंशन, बिजली चेकिंग के नाम पर कहीं आपके साथ फ्रॉड न हो जाए

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। आपके घर पर चेकिंग के क्लिए आया व्यक्ति बिजली कर्मचारी है या नहीं इसकी पहचान नहीं की तो बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। हो सकता है कि आप किसी बड़ी ठगी का शिकार हो जाएं। या फिर ये आपकी आंखों के सामने धोखेबाज मीटर निकालकर ले जाएं और आपको पता ही न चले। ऐसा ही एक मामला थाना सुभाषनगर में सामने आया। जहां बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर दो लोग एक व्यक्ति के प्लॉट में लगा मीटर उखाड़ ले गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना



सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बदायूं के आरिफपुर नवादा निवासी गोपीकृष्ण ने बताया कि उनका सर्वोदयनगर, करगैना में प्लॉट है। जिसमें एक कमरा और बाउंड्रीबॉल बनी हुई है। इसकी देखभाल बदायूं के जालंधरी सराय निवासी सतीश करते हैं। सतीश के कहने पर उन्होंने 15 जनवरी को 3:27 बजे 3969 रुपये बिजली का बिल जमा कर दिया था। उसी दिन शाम 4:30 बजे दो लोग प्लॉट पर आए और खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए मीटर उखाड़ ले गए।

संविदा कर्मचारियों के पास आईकार्ड होना जरूरी है। बीते दिनों इसको लेकर व्यापारियों ने हंगामा भी किया था। व्यापारियों की मांग थी कि इस तरह तो कोई भी घर में घुस आएगा। जिसके बाद चीफ इंजीनियर ने आई कार्ड जारी करने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके संविदाकर्मचारियों को आज तक आई कार्ड नहीं मिले।

# आगामी 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

बरेली। जिला कुष्ठ अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देश के क्रम में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान दिनांक 30 जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक जनपद के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के समस्त माध्यमिक में चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत आगामी दिनांक 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे समस्त सरकारी एवं मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में कुष्ठ रोग को लेकर जागरूकता फैलायी जायेगी, जिससे समाज में कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक एवं भेदभाव को समाप्त किया जा सके।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान आज से होगा शुरू

# 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा स्पर्श कुष्ठ

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (30 जनवरी) से स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की शुरूआत होगी। समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर शपथ ली जाएगी और लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरुक किया जाएगा। इस दौरान कुष्ठ आश्रम में रहने वाले कुष्ठ रोगियों को एमसीआर चप्पल, कॉटन, गौज, सेल्फ केयर किट और दवाइयां आदि का वितरण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने कुष्ठ रोग निवारण दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद वासियों को संदेश जारी करते हुए कहा कि हम सभी जनपद के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेंगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये आइए मिलकर जागरूकता फैलाएं, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये की प्रतिज्ञा लेते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि 30 जनवरी को बापू की पुण्यतिथि पर



स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान संचालित होगा। इस वर्ष के लिये निर्धारित थीम ₹आइए मिलकर जागरूकता फैलाऐं, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये₹ है। जागरूकता अभियान के अवसर पर जनपद में ब्लॉक स्तर पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम होंगे। सीएमओ ऑफिस, सभी प्रशासनिक अधिकारी और ग्राम प्रधानों द्वारा जिलाधिकारी का संदेश जनता को पढ़कर सुनाया जाएगा और जागरूकता संबंधित अपील की जाएगी। ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के अंतर्गत जगह - जगह पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। समुदाय द्वारा कुष्ठ रोग से ठीक हुए व्यक्ति को उसकी सहमति के बाद सम्मानित किया जाएगा । जागरूकता संबंधित कार्यक्रम स्कूल में आयोजित किए जाएंगे। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार लवानिया ने बताया कि ने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। कुष्ठ रोग माइक्रो वेक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से होता है। यह आनुवांशिक एवं छुआछूत रोग नहीं है। समय से जांच और उपचार कराने से दिव्यांगता से भी बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग की दवा सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध होती है।

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. ध्रुव गोपाल ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए कुष्ठ रोगियों के परिवार के स्वस्थ व्यक्तियों व उसके आस-पास के 10 घरों के स्वास्थ व्यक्तियों के (कॉन्टेक्टस) को कुष्ठ रोग से सुरक्षित रखने के लिए रिफामपसिन दवा की सिगल सुपरवाइज्ड डोज दिया जाना प्रारंभ किया गया है। इस रिफामपसिन दवा की मात्रा सिगल डोज बैक्टीरिया को 99.99 प्रतिशत खत्म कर देती है। इस दवा का व्यक्ति पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता है। उन्होंने बताया कि जनपद में अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक 106 नये कुष्ठ मरीज खोजे गये हैं । सभी का इलाज शुरू कर दिया गया है।

## कुष्ठ रोग के सामान्य लक्षण

▸ शरीर का कोई भी दाग धब्बा जिस पर सुन्नपन हो, उसमें खुजली ना हो,उसमें पसीना ना आता हो कुष्ठ रोग हो सकता है

ड्ड शरीर की संवेदना वाहक नसों में मोटापन व ददीर्लापन कुष्ठ रोग का लक्षण हो सकता है। जांच व इलाज ना कराने पर विकलांगता आ सकती है।

ड्ड कान की पाली का मोटा होना व कान पर गांठे होना।

## यह है लक्षण

ड्ड शरीर का कोई भी दाग धब्बा जिस पर सुन्नपन हो

ड्ड उसमें खुजली न हो, पसीना न आता हो, कुष्ठ रोग हो सकता है

ड्ड कान पर गांठे होना,

ड्ड हथेली और तलवों पर सुन्नपन हो

# संपादकीय

## शिक्षा में बाधा दूर करने को बने नीति

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब ह्यनेचर क्लाइमेट चेंजह्ल पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट ह्यलर्निंग इंटरप्टेड : ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024ह्ल में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफ ने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए। निस्संदेह, परीक्षा परिणाम प्रभावित होने से बच्चों के भविष्य पर इसका प्रतिकूल असर दीर्घकालिक हो सकता है।

# जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में

**ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा।**

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट ह्यलर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024ह्ल में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निमार्ताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। ह्यनेचर क्लाइमेट चेंजह्ल पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।



जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये।


जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषतः गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैजा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वजन के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अभी भी नहीं चेते तो यह समस्या हर देश, हर घर एवं हर व्यक्ति के जीवन पर अंधेरा बनकर सामने आयेगी। विशेषतः बच्चों के बचपन पर इससे गहरे धुंधलके छाने वाले हैं। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी के बच्चों को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा।

जलवायु परिवर्तन के बढ़ते घातक परिणाम को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार को जागना होगा एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। विशेषतः अनुकूलित और संवेदनशील सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों का मापन करना जैसे- गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिये अनुदान प्रदान करना, बच्चों और उनके परिवारों पर जलवायु परिवर्तन द्वारा पड़ने वाले प्रभावों की पहचान करना है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से पीड़ित देशों को बाल अधिकारों पर सम्मेलन में अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि प्रत्येक बच्चे को गरीबी से संरक्षित किया जा सके, उदाहरण के लिये बच्चों के जीवन को बेहतर और लचीलापन बनाने के लिये सार्वभौमिक बाल लाभयोजनाओ को क्रियान्वित करना होगा। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं।

# गांधी निर्वाण दिवस -30 जनवरी 2025 पर विशेष-अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।



महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना ह्ल मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।

मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ह्लमेक इन इंडियाह्व का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।

आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है-अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता।

# 2030 तक भारत में 300 भीख मांगने वाले हाथियों को मुक्त कराने के लक्ष्य के साथ महत्वाकांक्षी अभियान शुरू

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। दो साल पहले, वाइल्डलाइफ एसओएस को मोती नाम के एक भीख मांगने वाले हाथी की मदद के लिए आपातकालीन कॉल आई, जो दुखद रूप से गिर गया था। कई हफ्तों के दौरान, हाथी को बचाने के लिए अनगिनत प्रयास किये गए, जिसमें भारतीय सेना ने भी योगदान दिया। अफसोस की बात है कि मोती को बचाया नहीं जा सका, लेकिन यह स्पष्ट था कि अगर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ऐसे ही कई और हाथियों की मौतें होंगी। इस ही बात को ध्यान में रखते हुए वाइल्डलाइफ एसओएस 2030 तक सभी भीख मांगने वाले हाथियों को बचाने के लिए एक अभियान शुरू कर रहा है।

अक्सर अवैध रूप से और उचित कागजी कार्रवाई के बिना, अनुमानित 300 हाथियों को पैसा कमाने के उद्देश्य से देश की सड़कों पर चलने के लिए मजबूर किया जाता है। कुपोषित और दुर्बल इन



हाथियों को और इनकी पीड़ा को अक्सर लोगों द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। आमतौर पर छोटे बच्चे के रूप में जंगल से पकड़ कर अपने झुंड से अलग कर दिए गए इन हाथियों को 'भीख मांगने वाले' हाथियों के रूप में जाना जाता है। बुद्धिमान और सामाजिक जानवर यह हाथी नेत्रहीन, एकान्त जीवन और गंभीर चोटों के साथ अपना जीवन जीते हैं। इन्हें करतब दिखाने, आशीर्वाद देने या सवारी कराने और समारोहों और त्योहारों में देखा जा सकता है।

वाइल्डलाइफ एसओएस को भारत के पहले समर्पित हाथी अस्पताल के निर्माण के साथ-साथ 'नृत्य' भालू की सदियों पुरानी प्रथा को समाप्त करने के लिए जाना जाता है। 40 से अधिक हाथियों को बचाने के बाद, उनकी विशेषज्ञता अब भारत में भीख माँगने वाले हाथियों की ओर निर्देशित है।

निक्की शार्प, कार्यकारी निदेशक यू.एस.ए, वाइल्डलाइफ एसओएस ने बताया*, ाlांकि हम हाथियों के इलाज पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन शिक्षा भी हमारे मुख्य उद्देश्यों में से एक है, जहां हम दुनिया भर के विशेषज्ञों को एक साथ लाते हैं। हम पशु चिकित्सा कॉलेजों के साथ काम करते हैं, इन जानवरों की देखभाल करने वालों को प्रशिक्षित करते हैं और वन विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

# कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत समेत चार के खिलाफ फजीवाड़ा का केस दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बहराइच। जनपद बहराइच के हरदी थाना की पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत और महिला समेत चार के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरदी थाना अंतर्गत विकास खंड महसी के अगरौरा दुबहा गांव निवासी राम प्रभाव पुत्र सरदार वर्तमान समय में मोतीपुर थाना क्षेत्र के मंझाव गांव में रहते हैं। राम प्रभाव ने अपने वकील के माध्यम में सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर कहा है कि उनकी जमीन पर कब्जे को लेकर तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी अगरौरा दुबहा व वर्तमान में



एडीओ पंचायत महसी प्रवीण श्रीवास्तव ने उन्हें परिवार रजिस्टर में मृत घोषित कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया। जिसके बाद कुटरचित तरीके से उन्हें मृत दिखाकर अगरौरा दुबहा गांव निवासी पुष्पा देवी पत्नी राम नारायन, भुल्लन पुत्र शिव चरन व मन्नू पुत्र राम अवतार ने जमीन कब्जाने का प्रयास किया। जब उन्होंने इसकी शिकायत दो अगस्त 2024 को की तो विपक्षियों ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया पर कोई कार्यवाई नहीं हुई। जिस के बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली।

अब सीजेएम कोर्ट ने हरदी पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए। थानाध्यक्ष हरदी कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत महसी प्रवीण श्रीवास्तव,पुष्पा देवी, भुल्लन और मन्नू के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# एसपी विद्यासागर मिश्रा ने शाहबाद कोतवाली का निरीक्षण किया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। मंगलवार को एसपी विद्यासागर मिश्रा ने शाहबाद कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने ऑफिस, मेस, हवालात आदि को चेक किया साथ ही साथ अभिलेख भी देखे। वही ई ऑफिस पर कोतवाल पंकज पंत की पीठ थपथपाई। मीडिया को जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि रामपुर पुलिस ने ई



ऑफिस होने की वजह से पेपरलेस की ओर एक कदम बढ़ा दिया है। जिसके जरिए पुलिस को समय की बचत के साथ साथ कई अन्य फायदे रहेंगे।

इस दौरान एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ हर्षिता सिंह, कोतवाल पंकज पंत आदि रहे।

## मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

शाहबाद। माघ माह की मोनी अमावस्या पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त प्रातः सुबह ही तहसील शाहबाद के राम गंगा जी ढकुरिया पहुंचे । जहां श्रद्धालुओं के द्वारा स्नान कर दान पुण्य



कर धर्म लाभ कमाया गया। जहां नन्हे मुन्ने बच्चों ने टिक्की पकौड़ी चाट आदि का आनंद लिया। तो वहीं शाहबाद कोतवाल पंकज पंत के द्वारा ड्यूटी में मय फोर्स के रामगंगा घाट ढकुरिया में पहुंच कर मौका मुआयना किया एवं श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत परेशानी ना हो उसके लिए व्यवस्था में सहयोग किया । जिस दौरान साथ में वरिष्ठ उप निरीक्षक आदेश कुमार , उपनिरीक्षक नीरज कुमार , उपनिरीक्षक राजकुमार , हेड कांस्टेबल सिद्धू दिवाकर आदि महिला कांस्टेबल मौजूद रहे।

# मन्दिर के पास कूड़े का अंबार, दुर्गंध से लोग हो रहे बेहाल

महसी (बहराइच)। विकासखंड महसी के राजी चौराहा पर चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी व कूड़े के ढेर से आने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना बेहाल है और साथ ही संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्वच्छ भारत का सपना महसी के राजी चौराहा पर बिल्कुल भी दिखाई नहीं पड़ता। यहां चारों ओर गंदगी व कूड़े का ढेर लगा है। जो बीमारियों को दावत दे रहा है। और तो और इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक के बगल में बने शिव मंदिर के पास बहुत बड़ा कूड़े का ढेर लगा हुआ है जिसे कई महीनो से साफ नहीं किया गया। जिसके कारण मंदिर आकर पूजा अर्चना करने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और कुडे से आने वाली दुर्गंध मन्दिर के अन्दर तक आती है जिससे वहां बैठा नहीं जाता। राहुल, सुरेशकुमार, विजय सहित अन्य स्थानीय लोगों



का आरोप है कि यहां फैले गंदगी के कारण से न की दुर्गंध आती है, बल्कि मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है। इससे गंभीर बीमारियां होने का खतरा भी बढ़ रहा है। इसकी जल्द से जल्द सफाई होनी चाहिए और पुरा चौराहा स्वच्छ होना चाहिए।

# प्रेमिका के मामा को फंसाने के लिए मारी खुद को गोली...चिकित्सकों ने ऐसे पकड़ा, पुलिस का दिमाग भी चकरा गया

मथुरा के बरसाना में प्रेमिका के मामा को फंसाने के लिए युवक ने स्वयं को गोली मारने की झूठी सूचना पुलिस को दे दी। गांव महराना के डाकघर में कार्यरत संविदाकर्मी का यह झूठ उपचार के दौरान डॉक्टरों की पकड़ में आ गया। युवक ने पैर को सुन्न कर गोली जांघ में घुसाई थी। बरसाना थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल ने बताया कि पलवल निवासी हर्ष के वहीं की लड़की से प्रेम संबंध हैं। प्रेमिका के मामा ने हर्ष के खिलाफ थाना पलवल की हथीन चौकी पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस कार्रवाई से पहले ही युवक व लड़की के परिजन में 11 दिसंबर को



राजीनामा हो गया। इससे हर्ष खफा रहने लगा। उसने प्रेमिका के मामा को फंसाने के साजिश रची।

गांव महराना में शनिवार सुबह चार बजे हर्ष ने अपने पैर की जांघ को सुन्न कर गोली का आगे का हिस्सा उसमें फंसा लिया। इसके बाद हल्ला मचा दिया कि दो लोगों ने जान से मारने के लिए उसे गोली मार दी। पुलिस ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान पाया कि गोली लगने वाले स्थान पर निशान नहीं हैं। डॉक्टर द्वारा एक्सरे करने की बात कही तो युवक हॉस्पिटल से भागने लगा। पुलिस ने झूठी घटना दिखाने पर युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

# डीएनए से खुलासा, अपनी ही बेटी के अपहरण में जेल भेजी गई महिला

मथुरा। जीआरपी की टीम ने ऐसी लापरवाही बरती कि एक महिला को अपनी बच्ची के अपहरण के आरोप में जेल जाना पड़ा। जीआरपी ने जिस बच्ची को बरामद दिखाया, वह इस महिला की अपनी ही बच्ची थी, पर लाख चिल्लाने पर जीआरपी टीम ने इस महिला की नहीं सुनी। डीएनए जांच से खुलासा हुआ है कि वास्तव में अपहृत बच्ची कोई और है और यह बरामद बच्ची इसी महिला की है। जंक्शन स्टेशन से दो साल पहले 7 जनवरी 2023 को ढाई साल की बच्ची चोरी हुई थी। इसमें मामले में जीआरपी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें पुलिस ने 9 माह बाद गिरोह के सदस्यों से बच्ची बरामद की। पुलिस ने इस जल्दबाजी में बच्ची की मां को ही जेल भेज दिया। वह 15 माह से जेल में बंद है। मामला सामने आने के बाद एसपी जीआरपी ने जांच शुरू करा दी है। ऐसे में अब जांच टीम व बच्ची को अपनाने वाली महिला कार्रवाई की जद में आएंगी। जीआरपी थाने में



7 जनवरी को फूलवती ने अपनी ढाई साल की बच्ची के चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। जीआरपी जांच टीम ने 10 अक्टूबर को भिक्षावृत्ति से जुड़े गिरोह को पकड़ा और उनके कब्जे से चोरी हुई ढ़ाई साल की बच्ची को खोज लिया। अन्य लोगों के साथ हिना चौहान को पकड़ा और बच्ची बरामद की, लेकिन यह बच्ची महाराष्ट्र निवासी हिना चौहान की थी। जिसमें हिना चौहान ने खुलासे के दौरान बच्ची को अपना बताया था लेकिन जांच टीम पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी। मुकदमा दर्ज कराने वाली फूलवती ने भी बच्ची को अपना बताया था। मामले में हिना और फूलवती का सैंपल डीएनए जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

जहां से नवंबर 2024 से रिपोर्ट आई जिसमें हिना का डीएनए टेस्ट बच्ची से मेल कर गया। इस बीच 15 माह से जेल में निरुद्ध हिना चौहान बेगुनाह होने के बाद भी 15 माह से जेल काट रही है। अभिषेक वर्मा, एसपी जीआरपी ने बताया, जंक्शन से जनवरी 2023 में बच्ची चोरी हुई थी। पुलिस ने अक्तूबर में बच्ची को बरामद कर लिया। दो महिलाओं द्वारा बच्ची को अपना बताने के लिए डीएनए टेस्ट कराया गया था। जिसमें हिना चौहान के सैंपल से बच्ची का डीएनए मेल कर गया है। मामले में लापरवाही बरतने वाली जांच टीम पर कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी, स्थानीय लोगों में आक्रोश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

महसी बहराइच। विकास खंड महसी के ग्रामपंचायत हरदी में इंटरलॉकिंग के निर्माण में पूरी तरह से गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। निर्माण में पीले ईंटों के साथ-साथ गिट्टी की जगह सिर्फ बालू डालकर कोरम पूरा किया जा रहा है जो नियमों के विरुद्ध है। ग्राम पंचायत में हो रहे इन्टरलांकिग निर्माण में एजिंग के लिए नंबर एक की ईंट व लाल मौरंग के साथ सीमेंट के मसाले का प्रयोग होना चाहिए जिसमें सफेद बालू का प्रयोग पूरी तरह से वर्जित है और कम-से-कम तीन इंच गिट्टी डालकर कुटाई होनी चाहिए उसके बाद ही सीमेंट ईंट लगानी चाहिए पर यहां पर ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। सिर्फ पुरानी इन्टरलांकिग पर बालु डालकर इंटरलॉकिंग लगाई जा रही है और पीली ईंट व सफेद बालू से एजिंग जोड़ी गई है जो पूरी तरह से मानक विपरीत है। यह मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्माण कार्य सरकारी नियमों के अनुसार नहीं किया जा रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में जब ग्राम पंचायत अधिकारी हरदी को फोन किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि जिनके कंधों पर सही काम करवाने की जिम्मेदारी है वह खुद कितने जिम्मेदार हैं उन्हें कई फोन किए गए लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। गांव वालों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत अधिकारी कभी गांव नहीं आते कोई काम हो तो ब्लाक के चक्कर लगाने पड़ते हैं तब कहीं जाकर हमारा काम होता है। जबकि सरकार का साफ निर्देश है कि सभी ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत मित्र, प्रधान व ग्राम पंचायत सहायक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक पंचायत भवन में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे और उन्हें एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मुहैया कराएंगे। पर ऐसा कहीं भी होता नहीं दिख रहा है। जिम्मेदारों को इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए।

# डॉक्टरों की लापरवाही से महिला और नवजात की मौत का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। बलदेव में प्रसव के बाद महिला और बच्चे की मौत हो गई। परिजन ने सीएचसी के चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजन महावन तहसील पहुंचे। एसडीएम के न मिलने पर डीएम से शिकायत की बात कही है। बलदेव के गांव जादौपुर निवासी रामवीर सिंह मूल रूप से सादाबाद के गांव सरुपा के रहने वाले हैं। उन्होंने 23 जनवरी दोपहर 12 बजे पत्नी शैलेश (33 वर्ष) को प्रसव कराने के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया। महिला डॉक्टरों की देखरेख में शाम 4 बजे प्रसूता ने एक बेटे को जन्म दिया। नवजात की शांत स्थिति पर रामवीर की बहन समुद्री देवी ने उसे डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर बाद शैलेश की तबीयत भी बिगड़ गई। इस पर डॉक्टरों ने एम्बुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल ले जाते समय महिला की मौत हो गई। रामवीर सिंह के बहनोई लाल चंद ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों की लापरवाही से शैलेश की मौत हुई है। परिजन मंगलवार को एसडीएम महावन को शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। यहां कोई अधिकारी नहीं मिला। बताया कि जिलाधिकारी को मामले से अवगत करा कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। वहीं सीएचसी बलदेव प्रभारी डॉ. विजेंद्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि अस्पताल में मृत्यु नहीं हुई है।

# व्रन्दावन में चंडीगढ़ के श्रद्धालुओं को पीटा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में अटल्ला चुंगी चौराहे के समीप चंडीगढ़ श्रद्धालु परिवार को मार्ग पर दो पक्षों में हो रहे झगड़े में बीच बचाव कराना महंगा पड़ गया। झगड़ा कर रहे लोगों ने श्रद्धालुओं को लातघूसों से पीटा। इस घटना में महिला श्रद्धालु समेत तीन लोग घायल हो गए। श्रद्धालुओं ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।। चंडीगढ़ के सेक्टर तीन स्थित एमएलए हॉस्टल निवासी रोशन लाल राणा परिवार के छह सदस्यों के साथ अपनी कार से सोमवार रात को वृंदावन



आए थे। वह अटल्ला चुंगी चौराहे पर ठहरने के लिए गेस्टहाउस में कमरा तलाश रहे थे कि तभी गेस्टहाउस के समीप मार्ग पर एक बाइक पर सवार लोगों के बीच झगड़ा हो रहा था।

दोनों पक्षों में मारपीट होता देख श्रद्धालु रोशन लाल बीच बचाव कराने पहुंच गए। तभी विवाद में शामिल लोगों ने श्रद्धालु के साथ भी मारपीट कर दी। जब पिता को बचाव के लिए उनके बेटे आशीष और पिंकी पहुंची तो उन्होंने उन्हें भी लात घूसों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस को देख झगड़ा कर रहे लोग मौके से भाग गए।

श्रद्धालु ने हमलावरों का वीडियो बनाकर कोतवाली पुलिस को दिया और शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि श्रद्धालुओं से मारपीट करने वाले लोगों की पहचान वीडियो से कर उनकी तलाश की जा रही है। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोप में कइयों को फंसाया, धोखेबाज महिला के कारनामे

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा जिले में अधिवक्ता व बार के पूर्व अध्यक्ष पर जिस महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया वो धोखेबाज निकली। कई पुलिसकर्मियों पर मुकदमे लिखाने वाली ये महिला इस बार भूल गई कि जिसको जाल में फंसाकर ठगी करना चाहती है, वो एक अधिवक्ता है। ये महिला खुद ही अपने जाल में फंस गई। पुलिस ने महिला को कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना पुलिस ने पूर्व बार अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा पहलवान पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर 40 लाख रुपये मांगने वाली महिला को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने महिला को कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार ने बताया कि दिसंबर माह में एक महिला थाने आई थी। उसने बार के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा पहलवान पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। मामले की जांच की तो पता चला कि महिला लोगों पर दुष्कर्म मुकदमा दर्ज कर उनसे मोटी धनराशि वसूलती है। जांच में जानकारी हुई कि महिला ने अयोध्या, बरसाना में पुलिस कर्मचारी के खिलाफ, बिहार, गुजरात तथा थाना हाइवे में इस तरह के मुकदमे दर्ज करा रखे हैं। इन मामलों के पीड़ितों से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि महिला का यह कार्य है कि वह लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाती है। यदि उसे रुपये नहीं दिए तो मुकदमा दर्ज करा देती है।

बार के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा पहलवान ने बताया कि एक मामले में वह महिला के अधिवक्ता थे। उन्होंने जब महिला से फीस मांगी तो उनके ऊपर गलत आरोप लगा दिए। इसके साथ ही धमकी दी कि जब तक 40 लाख रुपये नहीं दिए तो जेल भिजवा देगी। उन्होंने 28 दिसंबर को सदर थाने में महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस जांच में महिला के लगाए आरोप गलत निकले और उसके पूरे इतिहास का पता चल गया।

# चित्रकूट के होल्डिंग एरिया में रोकें गए प्रयागराज जा रहे लाखों श्रद्धालु

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः प्रयागराज में दिव्य महाकुम्भ में अपार भीड़ हो जाने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रयागराज जाने वाले मार्गों को सील कर देने के कारण नगर पंचायत राजापुर के यमुना तुलसी सेतु के पास बने आश्रय स्थल व होल्डिंग एरिया में कई प्रान्तों के श्रद्धालुओं के ठहरने व भोजन आदि की व्यवस्था उपजिलाधिकारी राजापुर आलोक सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के द्वारा की गई है। वहीं रोके गये श्रद्धालुओं की जान -माल की सुरक्षा की कमान क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह ने संभाल रखी है बताते चले कि प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ के दूसरे शाही स्नान मौनी अमावस्या के दिन संगम नगरी में कई करोड़ की अपार भीड़ पहुंच जाने के कारण अचानक भगदड़ मच जाने के कारण जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा बेरिकेटिंग लगाकर प्रयागराज जाने वाले बार्डर को सील कर दिया गया है और लोग अपने निजी वाहन और पैदल इधर -उधर भटकते रहे स्थानीय प्रशासन द्वारा इधर -उधर भटकते हुए श्रद्धालुओं को होल्डिंग एरिया में पहुंचाया (रुके हुए कई प्रांतो के श्रद्धालुओं ने होल्डिंग एरिया से पैदल चलकर पवित्र यमुना नदी के तुलसी



घाट में आस्था की डुबकी लगाई और कई घंटे लोग जाम में फंसे रहे दोपहर बाद पुलिस प्रशासन की कड़ी मसक्त से जाम खुला जाम खुलने के बाद वाहनों काआवागमन शुरू हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व अधिशाषी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने बताया कि तीन हजार श्रद्धालुओं को राजापुर में पूर्व से बने दोनों होल्डिंग एरिया के आश्रय स्थल बनाकर प्रशासन व नगर पंचायत के द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं दी जा रही हैं और आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा हैं ।

उपजिलाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि राजापुर में दो होल्डिंग एरिया में विश्राम स्थल बनाया गया हैं जिसमें यमुना सेतु के पास नायब तहसील पारुल सिंह परिहार, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, प्रियंका शुक्ला, जगरूप, चन्द्रिका प्रसाद, चंद्रप्रकाश, शीलू राठौर को तथा द्वितीय स्थल में तहसीलदार विजय यादव,राजस्व निरीक्षक कैलाश शुक्ला ,मुनेन्द्र सिंह , कपिलमुनि पाण्डेय, शिवांश आदि लेखपालों को लगाया गया हैं जो यात्रियों के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था करेंगे वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम दोनों होल्डिंग स्थलों में लगाई गई हैं प्रथम स्थल में डॉक्टर अजीत शर्मा, फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह तथा दूसरे स्थल में मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम लगाई गई हैं वही पहाड़ी विकास खण्ड अधिकारी संजय पाण्डेय, सचिव महेंद्र पाण्डेय, सचिव मनीष पाण्डेय सरधुवा प्रधान कमलेश प्रजापति व मनोज सिंह के द्वारा यात्रियों को भोजन कराया जा रहा हैं ।

गुजरात प्रान्त के अहमदाबाद निवासी रणछोड़ भारती गोस्वामी ने बताया कि दिव्य महाकुम्भ जो कई वर्षों में प्रयागराज में पड़ा हैं जिसमें श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए आए थे लेकिन अपार भीड़ हो जाने के कारण राजापुर में तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा रोक दिया गया हैं जहां प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं दी गई हैं जिसकी हम लोग सराहना करते हैं और राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी लेरूहु ने बताया कि हम अपने निजी वाहन से आठ लोग संगम स्नान करने के लिए बड़े श्रद्धा भाव के साथ निकले थे लेकिन प्रयागराज के संगम क्षेत्र में कई करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंच जाने के कारण प्रशासन द्वार जो व्यवस्था की जा रही हैं वह जान माल की सुरक्षा के लिए हैं जिसका हम समर्थन करते हैं ।

वही मध्य प्रदेश के दमोह निवासी गुड्डा विश्वकर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपार भीड़ को देखते हुए जो श्रद्धालुओं को जो सुविधा तहसील प्रशासन के द्वारा की गई हैं जिसमें मेडिकल टीम ,भोजन व्यवस्था,नाश्ता आदि की व्यवस्था की गई हैं और किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा नहीं महसूस हो रही हैं ।

# महाकुंभ स्नान के लिए ग्रामीण श्रद्धालुओ का एक जत्था रवाना

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर महरौनी तहसील अंतर्गत अनेकों ग्राम से ग्रामीण श्रद्धालुओं का एक जत्था कुम्भ स्नान के लिए रवाना हुआ!

तहसील अंतर्गत अनेक गांव के श्रद्धालुओं की भीड़ कुम्भ स्नान को उमड़ती नजर आ रही है, जहां पर पूरे हिंदुस्तान से सभी श्रद्धालु मां गंगा यमुना सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए हजारों श्रद्धालु जा रहे हैं वही 144 साल के बाद यह महाकुंभ का पावन पर्व आया है, जिसमें श्रद्धा की डुबकी हर कोई लगाना चाहता है, जबकि 29 जनवरी मोनी अमावश्या के शाही स्नान को लेकर काफी महत्व बताया गया है, जिसको लेकर श्रद्धालुओं के अनेक जत्था जगह-जगह से महाकुंभ के लिए सोमवार ओर मंगलवार को निकले है!



144 वर्ष बाद इस वर्ष महाकुंभ एक अलग ही स्वरूप ले चुका है, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में विशेष सुविधाएं दी गई हैं, तो वहीं रहने, ठहरने व स्नान के लिए काफी व्यवस्थाएं की गई, महाकुंभ में में प्रतिदिन करोड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की वजह से कुम्भ परिसर से कई किलोमीटर पहले से व्यवस्थाएं की गई है, इस महाकुंभ में हर कोई पावन स्नान करने को आतुर है,इसी क्रम में महरौनी तहसील अंतर्गत अनेक ग्रामों से ग्रामीण श्रद्धालुओ का एक जत्था सोमवार शाम कुम्भ स्नान के लिए रवाना हुआ है, नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो से अनेक निजी बसें महाकुंभ के लिए संचालित की गई हैं!

# दंगल में शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन कर पहलवानों ने किया दर्शकों का मनोरंजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में मां कालिका देवी क्रीड़ा स्थल में बुधवार को इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए पहलवानों ने कुश्ती के दावपेंच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। कुश्ती की शुरूआत पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने फीता काटकर करवाई।

पुरवा तरौहां में आयोजित किए गए इस दंगल में चित्रकूट सहित अन्य जिलों से आए पहलवानो की दांवपेंच भरी कुश्तियां दर्शको के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान हुई कुश्तियों में पुरवा तरौहां के पहलवान शैलेन्द्र यादव ने फतेहपुर के पहलवान पुष्पेंद्र को, मऊ के राजू ने गोरखपुर के कृष्णा को, बांदा के राकेश ने मऊ के उदय को, पुरवा तरौहां के अनिल वर्मा ने मुंगुस के सहादेव, गोबरिया के राजू ने फतेहपुर के दिनेश पहलवान को हराया। मरका के राजा और धौराही के अतुल पहलवान की कुश्ती बराबर में छुटी। इस दौरान कुल 20 कुश्तिया हुयी। दंगल का आयोजन मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप कमेटी द्वारा किया गया। दंगल में गोरेलाल गौतम, चंद्रपाल यादव, मिथलेश पांडेय, राधेश्याम तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

इस मौके पर लवकुश आयोजन के दौरान ललित त्रिपाठी,अजय यादव,गौरव मिश्र,शरीफ खान,पवन मिश्रा,हिमांशु त्रिवेदी,अंकुर त्रिवेदी,प्रभाशंकर वर्मा,फूलचंद्र,शक्ति वर्मा,अजय वर्मा,शिवम निषाद सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत पर गये किसान ने फांसी लगाकर दी जान

ललितपुर` महरौनी कोतवाली के ग्राम बजर्रा में खेत पर पानी देने गये किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। ग्राम बजर्रा निवासी वृजेश पुत्र शिवदयाल पाल उम्र 35 वर्ष के चचेरे भाई रामसेवक ने बताया कि मंगलवार की सुबह वृजेश खेत पर गेंहू की फसल में पानी देने की बात कहकर खेत पर गया था। खेत के पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने खेत में स्थित नीम के पेड़ पर साड़ी के फंदे पर लटका देख परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गयी, पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर कब्जे में ले लिया। मृतक पिता के हिस्से की जमीन पर खेती किसानी करता था। वह तीन बहन में इकलौता भाई था, उसके दो पुत्र है। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि बीते करीब दस दिनों से सजनाम नहर में पानी न आने के कारण गेंहू की फसल खराब हो रही थी। जिससे परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है।

### दो व्यक्तियों ने ग्रामीण के साथ की मारपीट

ललितपुर कस्बा बानपुर निवासी गजेन्द्र पुत्र लक्ष्मन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जनवरी को वह कस्बे में था। तभी विपक्षी खलक पुत्र भीकम अपने एक अन्य साथी के साथ आ गया और रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुये मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस । पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक चालक हुआ घायल

ललितपुर` शहर कोतवाली के ग्राम रजवारा में अज्ञात कार की टक्कर से बाइक चालक के घायल हो जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। ग्राम कल्यानपुरा के मजरा श्यामपुरा निवासी वृजनन्दन पुत्र लक्ष्मन सिंह ने पुलिस को बताया कि बीते 23 जनवरी को उसका पुत्र सुम्मेर सिंह बाइक से ललितपुर से घर वापस आ रहा था। तभी ग्राम रजवारा में स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर पीड़ित के पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भाई-बहन के साथ मारपीट कर दी धमकी

ललितपुर` शहर कोतवाली के ग्राम दैलवारा में घर में घुसकर भाई व उसकी बहन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर नुकसान करने की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही की है। ग्राम दैलवारा निवासी संतोष कुशवाहा पुत्र रामलाल ने पुलिस को बताया कि 17 जनवरी को उसकी पुत्री मधु व पुत्र राहुल घर पर था। तभी गांव में रहने वाला छोटू उर्फ असरेन्द्र पुत्र गोकुल, सुरेन्द्र पुत्र किशोरी, जयहिंद पुत्र विन्दावन व अनुरोद्ध पुत्र महेश मालवीय एवं मोहल्ला पिसनारी निवासी महेन्द्र कुशवाहा घर में घुस आये और पीडित के पुत्र के साथ मारपीट कर दोनो मोबाइल तोड़ दिये। यह देख उसकी पुत्री मधु द्वारा बीच-बचाव करता देख आरोपित उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मारपीट कर दी धमकी, केस दर्ज

ललितपुर । थाना मड़ावरा के ग्राम हसरा निवासी विशाल पुत्र शंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जनवरी को वह गांव में था, तभी गांव का सौरभ पुत्र पहाड सिंह आकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, मना करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराकर खाते से निकाले रुपये, केस दर्ज

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ललितपुर। महरौनी कोतवाली पुलिस ने गिरोह बनाकर धोखाधड़ी कर जमीन का वैनामा करने व खाते में जमा लाखों रुपए निकाल कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ केस सदर्ज किया है। कस्बा महरौनी निवासी उमाकान्ती पत्नी संजय पालीवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति शराब के नशे का आदी है। नशे का आदी होने व मानसिक संतुलन सही न होने का फायदा उठाकर ग्राम छायन व हाल कस्बा महरौनी में स्थित मास्टर कालोनी निवासी संतोष कुमार रावत पुत्र रामसहाय वर्ष 2017 में 17 लाख रुपए एकड़ बेची गयी जमीन को मात्र छह लाख रुपए में धोखाधड़ी कर पडयंत्र के तहत वैनामा पुत्र, पुत्र बधु व नाती के नाम करा लिया। वैनामा के एवज में दिये गये रुपए भी आरोपित ने अपनी गिरोह में शामिल लोगो को उसके पति की चेक बुक उसके पास होने का फायदा उठाकर निकाल लिये। जानकारी होने पर उलाहना देने पर आरोपित संतोष रावत जान से मारने की धमकी देने ने लगा।

पुलिस ने आरोपित संतोष रावत, मयंक कौशिक, राजीव नायक, जितेन्द्र दुबे, हंसराज सहित दस नामजद आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मनाई गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ

चित्रकूटः गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ जिला मुख्यालय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें खण्डेहा गांव में सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। खण्डेहा चैकी में चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र शुक्ला, रामबहोरी केशरवानी, राजेन्द्र बलुआ, रोहित बलुआ, मनीष यादव एवं नंदलाल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा आर्यावर्त बैंक खण्डेहा में शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया।

# अपर जिला जज ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बुधवार को सखी वन स्टाप सेण्टर, गढ़ीवा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जिसमें संस्था प्रभारी रंजीता द्विवेदी, काउंसलर अर्चना साहू, अर्चना देवी, अंजू देवी, गार्ड विज्ञानचन्द्र, अधिकार मित्र (पीएलवी) उपासना उपस्थित पाये गये। साथ ही सुरक्षा कर्मियों में दीपा कुमारी व करूणा मिश्रा उपस्थित मिली। इस दौरान पैरामेडिकल नर्स पुष्पा देवी, केस वर्कर गीता देवी साप्ताहित अवकाश पर रहीं। इस दौरान संस्था में एक बालिका (पीडिता) आवासित पायी गयी। साथ ही रसोईघर व शौचालय में पूर्णतया साफ-सफाई पायी गयी।

# पिकअप पलटने से 11 घायल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मानिकपुर, चित्रकूटः प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप संतुलन बिगड़ने से पलट गई। जिसमें पिकअप में सवार 28 श्रद्धालुओं में से 11 श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से चार श्रद्धालुओं को गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल रिफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के सागर जिले के ग्राम बिजरी व ग्राम जगथा निवासी 28 श्रद्धालु पिकअप से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए आ रहे थे। इस दौरान थाना मानिकपुर अन्तर्गत काली घाटी पार्क के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पिकअप में सवार रामचरन (45) पुत्र गुलाब सिंह, गेंगारानी (42) पत्नी रामचंद्रन, पानवाई (65) पत्नी देव सिंह, वैजन्ती (45) पत्नी छुट्टी, छुट्टी सिंह (50) पुत्र परम सिंह, गब्बर सिंह (32) पुत्र लक्ष्मण सिंह, अमान (50) पुत्र हरि सिंह, मूरत सिंह (56) पुत्र खड़ोरी, अंगूरी (48) पत्नी अमान, रामबाई (60) पत्नी अम्बिका प्रसाद व विरन (40) पुत्र भगवान सिंह घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने चार श्रद्धालुओं रामचरन, अंगुरी, गब्बर व बिरन को जिला चिकित्सालय सोनेपुर रिफर कर दिया।

# मंदिर की छत से चोरों ने चुराया त्रिशूल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के एसडीएम कॉलिनी में अर्द्धरात्रि को अज्ञात चोरों ने घरों में घुसकर हाथ साफ करने का प्रयास किया, किंतु मोहल्लेवासियों के जगने और शोरगुल करने पर चोर भाग खडे हुए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूंछतांछ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एसडीएम कॉलनी में अर्द्धरात्रि को तीन घरों में एक साथ चोरी करने की नीयत से तीन चोर घुसने का प्रयास कर रहे थे। इसके अलावा एक चोर मंदिर की छत से कलश खोलने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान कुछ मोहल्लेवासियों की नींद अचानक खुल गई। साथ ही जागरूक युवाओं ने चोर-चोर की आवाज लगाते हुए शोरगुल शुरू कर दिया। जिसके बाद चारों चोर छतों से कूदकर भाग खड़े हुए। मोहल्ले के लोगों ने कुछ दूर तक चोरों का पीछा करते हुए डॉयल 112 को भी सूचना दी, किंतु मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले की चोर भाग खड़े हुए। इस दौरान मोहल्ले के निवासी पत्रकार निरंजन मिश्र, विनय पाण्डेय, गया प्रसाद, बुद्ध विलास, विनोद सिंह, प्रख्यात अग्रवाल, हीरामणि त्रिपाठी, भोला पाण्डेय व दिनेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी में चोरों की गतिविधियां रिकार्ड हो गई है। ऐसे में सभी की शिनाख्त कर मामले का खुलासा किया जाना चाहिए।

# वीरेन्द्र कुमार को बनाया गया मानिकपुर बसपा विधानसभा अध्यक्ष

चित्रकूट ब्यूरोः बहुजन समाज पार्टी ने मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष मवईकलां निवासी वीरेंद्र कुमार वीरन पासी को बनाया है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के लिए निष्ठावान कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसी क्रम में मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रभारी मंडल बांदा मुकेश अहिरवार, बलदेव प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, मंडल प्रभारी बांदा मानसिंह कुशवाहा व जिला प्रभारी



रावेंद्र कुमार वर्मा की सहमति मवई कलां निवासी वीरेंद्र कुमार वीरन पासी को विधानसभा 237 मानिकपुर का विधानसभा अध्यक्ष घोषित किया गया है।

उन्होंने कहा कि नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुरूप संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवबाबू गर्ग, जिला महासचिव अरुण कुमार पाल, विधानसभा अध्यक्ष चित्रकूट सोनपाल वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मऊ मानिकपुर शंकर बाबा, बसपा नेता सर्वेश कुमार वर्मा, चैतू राम, समय लाल आदि मौजूद रहे।

### जिला कलेक्ट्रेट पर 22 वे दिन भी जारी रहा धरना

# मनीष मीणा हत्याकाण्ड में गुढ़ा क्षेत्र के लोगो ने उठायी न्याय की मांग

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 29 जनवरी। मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर धरना बुधवार को 22 वे दिन भी जारी रहा। बुधवार को बूंदी पंचायत समिति की पूर्व प्रधान राजश्री के नेतृत्व में गुढ़ा क्षेत्र के सर्व समाज के लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। वही किसान आंदोलन में जेल गए 21 आंदोलनकारी भी धरने पर सम्मिलित हुये।



बुधवार को धरने पर कांग्रेस नेता करण सिंह, तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर,मंडल अध्यक्ष महावीर गुर्जर नीम का खेड़ा,गगनदीप सिंह,अशोक कुमार ,गोपी गुर्जर,मोनू कुशवाहा ,राकेश कुशवाहा, पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा,एडवोकेट हेमराज मीणा,रामप्रसाद,रंगलाल, राजकुमार, सुरेंद्र सिंह ,महावीर सरपंच सुरेश मीणा, गौसेवक गोपाल माहेश्वरी, एडवोकेट देवराज मीणा, सरपंच सुनील मीणा गोहाटा,प्रेम रामनिवास मीणा,कल्याण गुर्जर, अमनदीप ,कन्हैया लाल मेघवाल, रामेश्वर मीणा, खुशीराम मीणा, धनलाल मीणा , पुजारी मांगीलाल, लेखराज शर्मा ,सीताराम मीणा, रामस्वरूप मीणा,छोटूलाल मीणा, एडवोकेट हरिप्रसाद कवरिया,किसान आन्दोलनकरियो में पूर्व प्रधान श्योपाल मीणा,पूर्व युवा जिलाध्यक्ष हरीश मीणा,परमेश्वर योगी ,आकाश मीणा,सोजी लाल मीणा, किशनलाल मीणा,ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा, अशोक राकेश वर्मा, महावीर गुर्जर,रंजीत गुर्जर, परमेश्वर योगी, किशन नेखड़ी रोहित हंसराज सोनू सोपाल मीणा रमेश गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, ग्रामीण छात्र संगठन जिला अध्यक्ष लोकेश मीणा,अध्यक्ष गीताराम मीणा लक्ष्मण सिंह,रामलाल मीणा,सुरेश गुर्जर,सीताराम गुर्जर,अजय सिंह, परशुराम मीणा, भोलेशंकर मीणा, रामकिशन बहादुरपुरा, नीरज मीणा नरेश मीणा, युवराज मीणा ,सोनू मीणा, मदन गुर्जर, सोहनलाल, लेखराज मीणा, रामनेश मीणा, अनिल मीणा आदि सम्मिलित हुये।

# श्री गणपति सेवा आश्रम समिति बूंदी एवं अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल द्वारा माताजी श्रीमती रतन कंवर की स्मृति में निःशुल्क नेत्र जांच व आपरेशन परामर्श शिविर सम्पन्न

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 29। बूंदी में गरीब ० जरुरत मंद रोगियों ० पीड़ित मानवता की सेवा का ध्यान में रखकर अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल एवं श्री गणपति सेवा आश्रम समिति बूंदी द्वारा दिनांक 29 जनवरी बुधवार को अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल खोजा गेट रोड बूंदी पर एक निशुल्क नेत्र रोग जाँच ० ऑपरेशन परामर्श शिविर आयोजित किया गया।



प्रोजेक्ट डायरेक्टर समाजसेवी के सी वर्मा ने बताया की शिविर का शुभारंभ रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन राजेंद्र राऊंका ,रोटरी के सहायक गवर्नर घनश्याम जोशी ड्रॉङ्क संजय गुप्ता, के सी वर्मा,ध्रुव व्यास द्वारा किया गया।मरीजों के प्रति सेवा का भाव रखने वाले अस्पताल के संस्थापक मुख्य नेत्र रोग विशेषज्ञ व रिफ्रेक्टिव सर्जन डॉ संजय गुप्ता का माला व साफा बंधवा कर मोमेंटो दिया गया।शिविर में 138 नेत्र रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया। व इनमें से ऑपरेशन वाले रोगियों का टोपिकल फेको पदति दुवारा अमेरिकन सोवेरियन वाइट स्टार फेको मशीन से बिना सुई बिना टांके ० बिना पट्टी के मोतियाबिंद ओप्रेशन ० फोल्डेबल लेंस द्वारा प्रत्यारोपण किया जाएगा ।

समाजसेवी ध्रुव व्यास ने बताया की इस शिविर में मोतियाबिंद, कालापानी, नाखूना, नासूर, भेंगापन, मूंदी पलके,आँखों की एलर्जी, ड्राई आई , बच्चो में होने वाला मोतियाबिंद, बच्चो का नासूर, दृष्टिदोष चोट के पश्चात बनने वाला मोतियाबिंद मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से होने वाली परदे की बीमारियों आदि समस्त रोगों की जांच व उपचार किया। शिविर में चयनित रोगियों के मोतियाबिंद का फेको आपरेशन में रियायत भी दी।

संस्था के प्रबंधक जय सिंह सोलंकी ने बताया की राज्य सरकारी कर्मचारियो एवम आर जी एच एस कार्ड धारकों के ऑप्रेशन निशुल्क किए जाएंगे ० पेंशनर्स , राज्य कर्मचारी ऑपरेशन ० भर्ती के लिए आर जी एच एस योजना के पैकेज में बिना भुगतान किये इलाज निशुल्क किए जाएंगे। मोतियाबिंद आपरेशन के परिणाम सबसे सुरक्षित व बेहतर हो गए है,इस फेंको पद्धतिः में मोतियाबिंद को काम ऊर्जा व सुगमता से काटा जाता है जिससे पुतली की कोशिकाओं को बहुत ही कम नुकसान पहुचता है व उसकी पारदर्शिता बनी रहती है और रोगी को अगले दिन ही बेहतर रौशनी मिल जाती है। रोटेरियन राकेश सुवालका,महेश बहेडिया, रामस्वरूप सरोया मोडू लाल वर्मा, शिवराज , सीताराम , पृथ्वीराज , विनोद , मोहित , मनोज ० अन्य ने शिविर में सहयोग दिया।

# नवनियुक्त परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी ने संभाला पदभार

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! रजनीश विद्यार्थी ने डीटीओ का पदभार ग्रहण किया!



डीटीओ रजनीश विद्यार्थी ने बताया कि कोटा जिला से बूंदी में स्थानांतरण हुआ है रजनीश विद्यार्थी इससे पहले 2015 में परिवहन निरीक्षक पद पर सेवाए दे चुके! उन्होंने कहा की जिले में चलने वाले बिना बीमा,फिटनेस व टैक्स परमिट वाले चार पहिया वाहनों पर सकती से कार्यवाही होंगी!सड़क पर बिना नंबरी कमर्शियल वाहन, ओवरलोड लोडिंग वाहन, बिना टैक्स परमिट वाली सभी गाड़ियां जप्त होगी!अब वाहन चालकों को संबंधित हार्ड कॉपी साथ रखने की जरूरत नहीं होगी, दस्तावेजो की सॉफ्ट कॉपी भी मान्य होंगी!

उन्होंने बताया कि इस महीने का रेवेन्यू सरकार निदेर्शानुसार 6 करोड़ 13 लाख था मगर टीम के साथ मिलकर इस रेवेन्यू रिकॉर्ड को 6करोड़ 21 लाख की प्राप्ति हुई!इस दौरान बताया कि वर्तमान में तीन इंस्पेक्टर व पांच सब इंस्पेक्टर के पद सविकृत है मगर सभी पद रिक्त होने के चलते अभी एक इंस्पेक्टर से ही काम चलाया जा रहा हैसड़क पर गाड़ी चालकों के लाइसेंस सहित वाहन के सभी दस्तावेजो की सख्ती से जांच होंगी!

# बराला ज्वेलर्स की ओर से मैनपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 31 को

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

संवाददाता चंवरा। क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैनपुरा में 31 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बराला ज्वेलर्स की ओर से किया जाएगा। बराला ज्वेलर्स के संचालक मनदीप बराला ने बताया कि शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, दंत रोग विशेषज्ञ, हड्डी जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पाइस सर्जन और आंखों के डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। कौशिक आई हॉस्पिटल द्वारा आंखों की निःशुल्क जांच कर दवाइयां एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में खून व पेशाब की जांच और दवाइयां निःशुल्क रहेगी।

# जुवाड़ स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! राजकीय जुवाड़ स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया! वार्षिकोत्सव पर बालक बालिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई! राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुवाड़, सवाई माधोपुर के प्रधानाचार्य मंशा राम खिजूरी ने बताया कि वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह मे एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियो, शिक्षकों व भामाशाहो को सम्मानित किया कार्यक्रम के मुख्य अथिति कुस्तला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनराज गुर्जर बगावदा व पूर्व प्रधान चौथ का बरवाड़ा मुकन सिंह अवाना, व पांचोलास सरपंच राजेश पायलेट विशिष्ट अथिति प्रेमराज मीणा (आहरण वितरण अधिकारी जुवाड़) पवन जैन प्रिंसिपल मुई, उदयसिंह मीणा प्रिंसिपल माहत्मा गाँधी स्कूल कुस्तला, बुध्दिप्रकाश यादव (एसएमसी-अध्यक्ष) मनराज मीणा व्याख्याता जीनापुर, विकास सिंह पूर्विया राउमावि बगीना , व विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव व शैतान चौधरी रहे।

पूर्व उप प्रधान मुकन सिंह, प्रिंसिपल उदयसिंह मीणा व पांचोलास सरपंच राजेश पायलेट ने बच्चों को मेहनत करने वाली अनेक प्रेरणास्त्रोत बाते बताकर न्यायधीश, आईएएस, आरएएस, डॉक्टर, वकील, टीचर्स बनने के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ने की दी नसीहत। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष मनराज गुर्जर बगावदा ने कहा जुवाड़ विद्यालय के विकास कार्य के लिए विधायक साहब की तरफ से कोई कसर नही रखी जाएगी।

प्रधानाचार्य मंशाराम खिजूरी ने अपने उदबोधन मे विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट की प्रगति ग्रामीणों के सामने प्रस्तुत कर आगामी विद्यालय विकास की बाते ग्रामीणों के सामने रखी।

विद्यालय के सीनियर टीचर सोहन मंगल ने बताया की विद्यालय का रंगरोगन चल रहा ह। जो भामाशाहो की मदद से ही सम्पूर्ण होना ह। जिसके लिए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रतन लाल मीणा ने 11 हजार व जुवाड़ निवासी मेरे देश का फौजी विकास यादव ने 11 हजार , 6100/- श्रीमती मीना जैन (वरिष्ठ अध्यापक), 5100/- प्रवीण शर्मा (कनिष्ठ सहायक) 2100/- विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव व शैतान चौधरी, व एसएमसी अध्यक्ष बुध्दिप्रकास यादव ने सहयोग किया । शिक्षिका शिमला मीणा, योगेश कुमारी, शिक्षा शर्मा, लक्ष्मी जाट, व दिव्याराज सहित सभी ने 1100, 1100/- दिये, साथ ही अथितियों व ग्रामीणों ने भी मन से आर्थिक मदद की जिससे विद्यालय का रंगरोगन व अन्य कार्य मे सहयोग मिलेगा।

# फटुकड़ा स्कूल हादसे में लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**ब्यरो -एनपीटी**

बूँदी! राजकीयं प्राथमिक विद्यालय फटुकडा पंचायत खजूरी तहसील नैनवां जिला बून्दी में हुये हादसे प्रकरण में दोषी अधिकारियों का निलम्बन करने एवं अपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई! राष्ट्रीय महासचिव धनपाल मीणा ने बताया कि 28 जनवरी को उपरोक्त वर्णित विद्यालय की छत से मलवा गिरने से उपरोक्त हादसा हुआ! जिसमें 5 छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गये, इस सम्बन्ध में इस शाला के प्रधानाध्यापक एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध अपराधिक मुकदमा दर्ज करवाये जावे क्योकि पुराने भवनों के उपयोग के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग (ढहऊ) के द्वारा भवन निर्माण हेतु मापदण्ड निर्धारित किये हुए है। जिसके अनुसार शाला प्रधान को प्रति वर्ष सार्वजनिक निर्माण विभाग से भवन का उपयोगिता प्रमाण पत्र लेना जरूरी है जबकि इस मामले में नियमों का उल्लघन किया गया है। जो भारतीय दण्ड संहिता की धारा 166 ए के अनुसार इनके विरूद्ध सरकारी ड्यूटी में लापरवाही बरतने का सीधा-सीधा आरोप सिद्ध होता है। कि दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने के साथ-साथ पूरे जिले के समस्त सरकारी विद्यालय के भवनों को सार्वजनिक निर्माण विभाग से उपयोगिता प्रमाण पत्र (फिटनेस प्रमाण पत्र) प्राप्त करने हेत तत्काल आदेश प्रदान करें।

# अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन 16 से, होंगे कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभर से आएंगे किन्नर

अजमेर। शहर में 16 से 26 फरवरी तक अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से लगभग चार हजार किन्नरों के भाग लेने की संभावना है। महासम्मेलन में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अजमेर में 16 से 26 फरवरी तक अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन का आयोजन किया जाने वाला है, जो किन्नर समाज के लिए ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का अवसर होगा। इस महासम्मेलन में देशभर से किन्नर समाज के सदस्य भाग लेंगे और इसे बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा।

किन्नर समाज की गद्दीपति सलोनी बाई ने बताया कि 10 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें हवन, पूजा, कलश यात्रा और चाक पूजा प्रमुख हैं। विशेष रूप से खिचड़ी तुलाई की रस्म भी बड़े धूमधाम से की जाएगी, जिसमें पहले भोजन के रूप में खिचड़ी का आयोजन होगा। इसके अलावा अंबे माता मंदिर में छत्र चढ़ाने की परंपरा निभाई जाएगी और सम्मेलन के समापन पर शहर में एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा।

सलोनी बाई ने कहा कि इस महासम्मेलन में देशभर से लगभग 4 से साढ़े 4 हजार किन्नर शामिल होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में किन्नर समाज को सुरक्षा, इज्जत और पहचान मिली है। वे हमेशा प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और देश की तरक्की के लिए दुआ करेंगी।

महासम्मेलन के आयोजन से किन्नर समाज की संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही यह समाज के बीच एकता और समानता का संदेश भी देगा। किन्नर समाज की महामंडलेश्वर लक्ष्मी त्रिपाठी जी के सम्मेलन में शामिल होने की संभावना भी है, जिससे यह कार्यक्रम और भी महत्वपूर्ण बन जाएगा।

# फिटनेस के लिए दौड़ने को तैयार शहर, 16वीं एयू जयपुर मैराथन दो फरवरी को, ओम मंत्र के साथ होगी शुरूआत

जयपुर । दो फरवरी को 16वीं एयू जयपुर मैराथन का आयोजन किया जाना है। यह मैराथन अल्बर्ट हॉल से शुरू होकर जवाहर सर्कल से वापस अल्बर्ट हॉल पर समाप्त होगी। इस बार के आयोजन में दो विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा।

16वीं एयू जयपुर मैराथन 2 फरवरी को अल्बर्ट हॉल से शुरू होगी। यह आयोजन शहरवासियों के जोश और फिटनेस के प्रति उत्साह का उत्सव बन चुका है। इस बार मैराथन कई नए आकर्षणों के साथ आयोजित हो रही है, जिनमें दो विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास भी शामिल है। फुल मैराथन की शुरूआत तड़के 3 बजे से होगी। हॉफ मैराथन सुबह 5 बजे, 10 किमी दौड़ 6:45 बजे, और 5 किमी टाइम रन 7:10 बजे शुरू होगी।

मैराथन से पहले 31 जनवरी और 1 फरवरी को बिब एक्सपो आयोजित किया जाएगा। धावक यहां से अपना बिब और रनिंग किट प्राप्त कर सकेंगे। बिब एक्सपो के दौरान जयपुर रनर्स पुरस्कार, सेलिब्रेशन परेड और एम्बेसडर्स मीट जैसी गतिविधियां होंगी।

# विशेष योग्यजनों को मिलेगी निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर पात्र विशेष योग्यजन 5 फरवरी तक करें आवेदन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 29 जनवरी। राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्हें निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर देने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ट विकलांगता पीला अथवा नीला दिव्यांग प्रमाण पत्र धारक विशेष योग्यजनों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने के लिए 5 फरवरी, 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

योजना के लिए पात्रता-सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के समाज कल्याण अधिकारी गजराज यादव ने बताया कि निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर के लिए आवेदक के पास मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ट विकलांगता पीला अथवा नीला दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया राजस्थान राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। साथ ही पेंशन पीपीओ स्वप्रमाणित प्रति, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति एवं फोटो आवश्यक होंगे।

यह होगी आवेदन की प्रक्रिया-उन्होंने बताया कि मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशेष योग्यजन अथवा अभिभावक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र जिलाधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में वांछित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करना होगा। पात्र विशेष योग्यजन 5 फरवरी 2025 तक जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग खैरथल तिजारा में आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### प्रशासन की ओर से आदिवासी समाज के चुनिंदा लोगों ने जयपुर में उठे मुद्दे

# प्रशासन की ओर से आदिवासी समाज के चुनिंदा लोगों ने जयपुर में उठे मुद्दे

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

**झुंझुनूं चंवरा**। जयपुर शहर के भामाशाह स्टेट डेटा सेंटर झालाना डूंगरी सभागार में मंगलवार को संभाग स्तरीय बजट कंसल्टेशन का आयोजन किया गया जिसमें झुंझुनूं जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त जनजाति समाज की ओर से आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा,अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष रतन मीणा जोधपुरा,मीणा समाज सेवी सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र मीणा, पंचायत समिति सदस्य बजरंग मीणा सुरेश मीणा सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजित कार्यशाला में



आदिवासी समाज के प्रमुख नेता सुरेश मीणा किशोरपुरा ने कहा कि देश में सरकारें आदिवासियों के कल्याण उत्थान की योजनाएं तो बनाती हैं पर वो धरातल पर नहीं आती उन्होंने सरकार के मौजूद प्रदेश स्तर के अधिकारियों के सामने लगभग 11प्रमुख मांगो पर ध्यान केंद्रित करवाया।जिनमें आदिवासियों की जनगणना करवाए जाने व आरक्षण बढ़ाने।

नदी नालों पहाड़ों और जंगलों में बसे आदिवासियों को पट्टे देने। विधायक और सांसद कोष का निर्धारित कोटा जनजाति बाहुल्य मोहल्लों और बस्ती में खर्च करने, टाडा माडा योजना का लाभ जयपुर संभाग को भी दिए जाने, मीणा बटालियन का पुनः गठन करने, जनजाति समाज के बच्चों की स्कॉलरशिप दिलाने, महापुरुषों के इतिहास में अंकित करने सहित आदिवासियों के भले के लिए कई मांगो को उठाया। गौरतलब है कि सरकार द्वारा आयोजित इस प्री बजट अधिवेशन में झुंझुनूं जिला परिषद के ग्रामीण पंचायत राज प्रकोष्ठ ने जिले की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए इन लोगों का चयन किया था।सभागार में सीकर झुंझुनूं जयपुर ग्रामीण दौसा अलवर के भी कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## दूसरा घायल कांधला के नानूपुरी गेट पर हादसा, अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव नन्नूपुरी निवासी बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई,जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



क्षेत्र के गांव नन्नूपुरी निवासी तीर्थपाल पुत्र रंजीत ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उनके घर पर शादी का कार्यक्रम है। मंगलवार सुबह पीड़ित का भतीजा जितेंद्र पुत्र रामधन और जनपद बागपत निवासी मोना पुत्र राजकुमार बाइक पर सवार होकर शादी के कार्ड देने के लिए थानाभवन गए थे। कार्ड देने के बाद मंगलवार देर शाम उक्त दोनों युवक वापिस नन्नूपुरी लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक नन्नूपुरी गेट के समीप पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक सड़क किनारे जा गिरे, जिससे नन्नूपुरी निवासी जितेन्द्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और मोना गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने घायल मोना को कस्बा स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। बुधवार को शव के पीएम से आने के बाद गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जितेंद्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं घायल मोना का एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि मृतक युवक के चाचा तीर्थपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति व खामियों में सुधार के निर्देश

शामली। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर खामियों में सुधार के कडे दिशा निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सभागार में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीडीओ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाने व जिन कार्यों में खामियां मिली, उनमें सुधार के कडे दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने आरबीएसके, कार्यक्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को आपस में समन्वय रखते हुए कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने, निमार्णाधीन आंगनवाडी केन्द्रों की समीक्षा करते हुए अद्यतन प्रगति के संबंध में अलग से बैठक करने के भी निर्देश दिए।

# किशत मिलने के बाद भी निर्माण न कराने वालों पर जारी होगी आरसी : हामिद हुसैन

## परियोजना अधिकारी ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को दी कडी चेतावनी

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी हामिद हुसैन ने ऐसे लाभार्थियों को कडी चेतावनी दी है जिन्होंने आवास योजना की प्रथम किश्त मिलने के बाद भी आवास निर्माण शुरू नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण शुरू न करने वालों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी।

जनकारी के अनुसार डिप्टी कलेक्टर एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी हामिद हुसैन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत लाभार्थियों को आवास निर्माण शुरू करने के लिए प्रथम किश्त जारी की गयी थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद भी कुछ लाभार्थियों ने निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया है, ऐसे लाभार्थियों को पूर्व में डूडा द्वारा कार्य प्रारंभ करने व धनराशि वापस करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे लेकिन 96 लाभार्थियों द्वारा अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, ऐसे लाभार्थियों को 7 फरवरी तक का समय दिया जा रहा है, यदि इसके बाद भी कोई कार्य प्रारंभ न करने या धनराशि वापस न करने वालों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि एलम में 10, बनत में 2, गढीपुख्ता में 2, जलालाबाद में 5, झिंझाना में 8, कैराना में 30, कांधला में 19, शामली में 10, थानाभवन में 4, ऊन में 6 सहित 96 लाभार्थियामें की सूची नगर निकाय में भी चस्पा कर दी गयी है।

# मौनी अमावस्या पर लगाई आस्था की डुबकी

- यूपी–हरियाणा से यमुना नदी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़
- एसडीएम व सीओ ने घाट का किया निरीक्षण



**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** मौनी अमावस्या के अवसर पर यूपी व हरियाणा से यमुना नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। एसडीएम व सीओ ने घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर यूपी–हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जहां श्रद्धालुओं ने यमुना किनारे विशेष पूजा–अर्चना की तथा यमुना नदी में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके अलावा ब्राह्मणों को दान–दक्षिणा दिया गया। हीं, स्नान के दौरान एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव व सीओ श्याम सिंह यमुना घाट पर पहुंचे। उन्होंने घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्नान संपन्न होने पर यमुना नदी पर गोताखोर एवं पुलिस तैनात रखने के निर्देश दिए। सुरक्षा के दृष्टिगत यमुना नदी पर गोताखोर मुस्तकीम उर्फ बिल्लू व गुलशाद आदि मौजूद रहे।

## मंडावर फायरिंग में एक वांछित आरोपी दबोचा



कैराना। मंडावर में हुई फायरिंग के प्रकरण में पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। गत 11 जनवरी को गांव मंडावर में रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, पथराव और जमकर फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओ से क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी मामले में वांछित चल रहे गांव के ही रहने वाले मेहरबान को गिरफ्तार किया गया है, जिसका पुलिस ने चालान कर दिया है। इससे पूर्व में ग्राम प्रधान तनवीर व भाजपा नेता फारूख समेत 28 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# डीएम से प्रधानाचार्यों की समस्याओं के समाधान की मांग

शामली। बुधवार को संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री रामपाल जांगडा के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थन पत्र देते हुए बताया कि माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के सम्मुख छात्रवृत्ति, अपार आईडी तथा जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में समस्याएं आ रही है जिनके निस्तारण के लिए एक प्रतिनिधिमंडल ने तीन बार अपनी समस्याएं बतायी है लेकिन अभी तक उनका समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में पढने वाले बच्चों का जन्म पंजीकरण, जन्म प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड संख्या पोर्टल पर अंकित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया जटिल होने के कारण कार्य प्रगति पर नहीं आ रहा है। उन्होंने उक्त प्रक्रिया के सरलीकरण की मांग की। छात्रवृत्ति पोर्टल पर अनुसूचित जाति तथा सामान्य वर्ग के बच्चों के लिए बायो मैट्रिक डिवाइस द्वारा सत्यापन की व्यवस्थ की गयी है जिसमें बीच में प्रतिबंध लगाया गया हैकि प्रत्येक विद्यालय को अलग-अलग डिवाइस खरीदनी होगी। जनपद के 90 प्रतिशत विद्यालयों में कंप्यूटर की व्यवस्था नहीं है, वे जनसेवा केन्द्र अथवा अन्य साइबर कैफों से अपना कार्य कराते हैं। सभी विद्यालयों में कंप्यूटर आपरेटर भी नहीं है, इन जाति वर्ग के बच्चों की संख्या भी बहुत कम है किसी-किसी विद्यालय में तो एक-दो ही है, ऐसे में पहले से ही डिजिटल हस्ताक्षर काविभाग का आदेश गलत है, जबकि कार्य केवल एक में ही होता है।

## संक्षेप समाचार :

### रासायनिक की बजाय जैविक खेती करें किसानः महेशपाल



शामली। नवभारत फर्टिलाइजर्स कंपनी द्वारा बुधवार को गांव उमरपुर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कंपनी के कृषि अधिकारी महेशपाल ने किसानों को बताया कि जैविक खेती से फसलों को काफी लाभ मिलता है, इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढती है लेकिन आजकल खेती में रासायनिक खादों का प्रयोग किया जा रहा है जो न केवल फसलों के लिए हानिकारक है बल्कि किसानों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालती है, ऐसे में किसानों को जैविक खेती की ओर अग्रसर होना चाहिए। इसके अलावा गोबर की खाद भी फसलों के लिए बेहद लाभदायक होती है। किसानों ने भी अपने खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संजय सिंह, सुदेश कुमार, संजीव सिंह, प्रेम नारायण आदि किसान भी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज से शुभारंभ

शामली। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा गुरुवार एवं शुक्रवार को शहर के शहीद उधमसिंह स्टेडियम में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता सब जूनियर वर्ग पुरुष एवं सब जूनियर वर्ग महिला, सीनियर वर्ग पुरुष व सीनियर वर्ग महिला का आयोजन किया जाएगा। जनपद स्तरीय इस खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बालीवाल, फुटबाल, कुश्ती, कबड्डी, भारोत्तोलन, बैडमिंटन का आयोजन किया जाएगा।

### रोजगार मेले में कंपनियों ने 52 अभ्यर्थियों का चयन



शामली। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 5 कंपनियों ने अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लेकर 52 अभ्यर्थियों का चयन किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में 93 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में पुखराज हेल्थकेयर ने 8, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 18, ईपेक्स ग्रुप आफ कंपनी ने 7, होली हर्ब्स ने 14 एवं कैरियर व्हील्स प्रा.लि. द्वारा 5 अभ्यर्थियों का चयन कया गया। रोजगार मेले में अमरजीत अनुदेशक, सतेन्द्र कुमार प्रधान सहायक ने भी सहयोग किया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कैराना में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें एलआईसी, पुखराज हेल्थकेयर, होली हर्ब्स, एकेएस जाब्स आदि कम्पनियों द्वारा स्कैनिंग, सेल्स मार्केटिंग, हेल्पर, सुपरवाइजर टैक्निकल स्टाफ आदि पदों के लिए साक्षात्कार किया जाएगा।

### आरके इंटर कालेज में स्काउट गाइड शिविर का समापन

शामली। शहर के आरके इंटर कालेज में चल रहे स्काउट गाइड शिविर का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन स्काउट गाइडों ने विभिन्न प्रशिक्षणों का प्रदर्शन भी किया।

जानकारी के अनुसार शहर के आरके इंटर कालेज में चल रहे त्रिदिवसीय स्काउट गाइड शिविर का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा. पूजा मलिक ने बेटियों की शिक्षा पर बल दिया, साथ ही साफ सफाई के प्रति भी जागरूक किया। शिविर में जिला स्काउट गाइड कमिश्नर गीता रानी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का स्काउट गाइडों ने प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर स्काउट गाइडों ने टैंट बनाकर साज सज्जा का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान उत्तराखंड टीम, द्वितीय स्थान पर मेघालय टीम व तृतीय स्थान पर उत्तर प्रदेश टीम रही। निर्णायक मंडल में ऋचा भारद्वाज, प्रमोद कुमार, डा. सुशील तोमर रहे। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन लोकेन्द्र कुमार, स्काउट प्रभारी दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार, संजीव, नीरज बेनीवाल, पंकज कुमार, शिवम शर्मा, डा. रवि खन्ना, मनीष, सुधीर, पुष्पेंद्र, श्रवण, रत्नेश, आशीष, नीति, आदि उपस्थित थे।

# हमले में ग्राम प्रधान के पुत्र समेत पांच पर मुकदमा

**एनपीटी संवाददाता कैराना।** खनन प्वाइंट पर गाड़ी में भरे रेत को समतल करने के अधिक रुपये मांगने की कहासुनी पर हमला करने के मामले में ग्राम प्रधान के पुत्र समेत पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। गांव इस्सापुर खुरगान निवासी साजिद ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी गाड़ी में रेत भरने के लिए यमुना नदी पर पहुंचा था। वहां गाड़ी में भरे रेत को समतल करने के अधिक रुपये की मांग को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि गांव नंगलाराई निवासी जुनैद, हारून, नदीम, नकीम व नईम ने अभद्रता करते हुए फावड़े तथा लाठी–डंडों से उस पर हमला कर दिया। जुनैद ने फावड़े से सिर पर वार किया, जिसमें वह लहूलुहान हो गया। तभी बचाव को आए अकरम व मुबीन पर नईम ने फावड़े से हमला करते हुए उन्हें भी घायल कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान मुबीन का मोबाइल भी गुम हो गया। आरोपी जुनैद ग्राम प्रधान यूसुफ का पुत्र बताया गया है।

# पालीथीन के खिलाफ चला अभियान, कई दुकानदारों पर जुर्माना

- नगर पंचायत थानाभवन के कर्मचारियों ने प्रतिबंधित पालीथीन की जब्त



**एनपीटी संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन द्वारा बुधवार को कस्बे में पालीथीन के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान कई दुकानों से प्रतिबंधित पालीथीन को जब्त कर दुकानदारों पर 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। नगर पंचायत की इस कार्रवाई से हडकंप मच गया।

बुधवार को नगर पंचायत थानाभवन के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा कस्बे में पॉलीथीन के खिलाफ अभियान चलाया गया। टीम ने कस्बे के मुख्य मार्ग, घंटाघर चौंक, चौंक बाजार, न्यू घास मंडी आदि स्थानों पर स्थित दुकानों पर छापेमारी करते हुए पालीथीन बरामद की, साथ ही दुकानदारों पर 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा ने बताया कि लोगों से प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करने की अपील की गयी है, साथ ही चेतावनी भी दी गयी कि यदि कोई भी दुकानदार पालीथीन का प्रयोग अथवा भंडारण करता मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर वसीक अहमद, मनीष कुमार, फैजान, शुभम, श्रीकांत, आशमा, यासीन आदि भी मौजूद रहे।

# साइबर अपराध को लेकर सेंट आरसी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

## छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में दी जानकारी, सचेत रहने का भी आहवान



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी स्कूल में बुधवार को साइबर क्राइम सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी दी, साथ ही सचेत भी किया।

सेंट आरसी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में इंसपेक्टर संजीव भटनागर, सीमा शर्मा, शोभा, तोशी ठाकुर ने छात्र-छात्राओं सेकहा कि वर्तमान समय में साइबर क्राइम बढ रहे हैं और लोग अज्ञानता व लालच के चलते साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस जाते हैं। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल नहीं उठानी चाहिए क्योंकि हैकर्स परिचित बनकर लोगों के सारे डाटा के बारे में जानकारी हासिल कर पैसों की डिमांड करते हैं इससे बचने के लिए कोई भी कदम उठाने से पहले सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना कोई भी ओटीपी, पासवर्ड व अन्य जानकारियां न दें। यदि किसी के पास अनजान व्यक्ति का फोन आता है और वह आपसे ओटीपी व अन्य जानकारी मांगता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि हैकर्स का पता लगाकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इंसपेक्टर संजीव भटनागर ने कहा कि छात्र-छात्राएं स्वयं भी जागरूक हों और अपने परिवार के लोगों को भी जागरूक करें इससे काफी हद तक साइबर अपराध पर अंकुश लगेगा। उप प्रधानाचार्य आरपीएस मलिक छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

# भूरा में दो पक्षों में पथराव और फायरिंग

## नशीले पदार्थ की बिक्री के रुपयों को लेकर आए आमने–सामने, मुकदमा दर्ज

**एनपीटी संवाददाता कैराना।** नशीले पदार्थ की बिक्री के रुपयों को लेकर दो पक्षों के लोग आमने–सामने आए। उनमें जमकर पथराव और फायरिंग हुई। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुई। मामले में पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के आधा दर्जन नामजद और अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसआई अनिरूद्ध कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि सोमवार की शाम करीब करीब साढ़े सात बजे सूचना मिली थी कि गांव भूरा में दो पक्षों में झगड़े हो गया है। इसके बाद वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार, मौके पर पता चला कि नशीले पदार्थ की बिक्री के रुपयों को लेकर दोनों पक्षों के लोगों में गाली–गलौज के साथ ही पत्थरबाजी हुई और जान से मारने की नीयत से फायरिंग हुई। फायरिंग के चलते लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। बाद में आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई, जिसमें दोनों पक्षों के बीच तमंचों से फायरिंग करने को बोलने और फायरिंग की आवाज के साथ ईंट–पत्थर फेंकते हुए नजर आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया। एक पक्ष के वैसर उर्फ बुद्धू व आजम तथा दूसरे पक्ष के सावेज, उसके भाई सादिक, अमन व साकिब के अलावा दोनों पक्षों के अज्ञात लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया है।

# ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविन्दर सिंह ने एनसीसी बटालियन का किया निरीक्षण

## श्रेष्ठ छात्रों का चयन कर उन्हें सक्षम बनाने का काम करती है सरकार : कुलविन्दर सिंह





**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** गाजियाबाद ग्रुप हैडक्वार्टर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविन्दर सिंह ने बुधवार को 85 यूपी बटालियन का निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेट्स को टीएससी, आईजीसी, आरडीसी कैंप तथा एनसीसी में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को गाजियाबाद ग्रुप हैडक्वार्टर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर कुलविन्दर सिंह ने 85 यूपी बटालियन एनसीसी का निरीक्षण किया। इस दौरान कमान अधिकारी कर्नल मनीष सिन्हा, सूबेदार मेजर सुनील कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद एनसीसी कैडेटों द्वारा उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। निरीक्षण के बाद उन्होंने एएनओ व कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी विश्व कासबसे बडा यूनिफार्म्ड आगेर्नाइजेशन है जिसके द्वारा सरकार विद्यालयों तथा कालेज में अध्ययनरत छात्रों में से शारीरिक और मानसिक रूप से श्रेष्ठ छात्रों का चयन कर उन्हें सैन्य, शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण देकर भविष्य के लिए सक्षम बनाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैडेट को एनसीसी में रहते हुए संपूर्ण ऊर्जा, निष्ठा एवं लगन के साथ एक श्रेष्ठ नागरिक की भांति प्रशिक्षण लेना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स को टीएससी, आईजीसी, आरडीसी कैंप तथा एनसीसी में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल सीपी भदौला, कैप्टन रजनीश कुमार, ले. शिवकुमार, संजीव कुमार, सैकेंड आफिसर लक्ष्मी गर्ग, प्रियंका खैवाल, सूबेदार दिगम्बर सिंह, नायब सूबेदार भगवाना राम, हवलदार कपिल, सुनील, अमित, रणवीर सिंह, संजीव पंवार, मदन, अरविन्द, वेदप्रकाश, जयेन्द्र सिंह, योगेन्द्र कुमार, मंजीत आदि मौजूद रहे।

# मांगों का समाधान न हुआ तो व्यापारी करेंगे आंदोलन

- व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों को पूरा न किया गया तो व्यापारी आंदोलन पर मजबूर हो जाएंगे।

जानकारी के अनुसार बुधवार को संगठन के प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग के नेतृत्व में व्यापारियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। घनश्यामदास गर्ग ने कहा कि प्रदेश के 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यापारियों को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाए, व्यापारी के स्टाक का सरकारी बीमा कराया जाए, किसी भी प्राकृतिक आपदा, आग, बाढ या प्रलय होने पर व्यापारियों का स्टाक नष्ट हो जाता है जिससे व्यापारी सडक पर आ जाता है, पैसे के अभाव में वह अपना व्यापार पुनः स्थापित नहीं कर पाता है, यदि उसके स्टाक का बीमा सरकारी स्तर पर होगा तो वह बीमा से मिलने वाले पैसे से अपना कारोबार स्थापित कर पाएगा। उन्होंने कमर्शियल विद्युत दरों को घरेलू विद्युत दरों के बराबर करने, लखनऊ में व्यापार भवन बनाने, जीएसटी का सरलीकरण करने, प्रदेश के ज्वैलर्स व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार व्यापारियों की बात सुनने को भी तैयार नहीं है, यदि जल्द ही 11 सूत्रीय मांगों का समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर सुभाष चंद धीमान, सूर्यवीर सिंह, नरेन्द्र अग्रवाल, रवि संगल, महेश धीमान, राजेश जैन, राजेश सिंघल आदि भी मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पाकुड़ जिला का 31वां स्थापना दिवस

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिला स्थापना दिवस के 31 वें वर्ष के मौके पर मंगलवार को रविन्द्र भवन में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वही कलाकारों ने पेश किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के कलाकारों द्वारा विभिन्न मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। अतिथियों के द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने केक काटकर जिले का 31वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। पाकुड़ जिला स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह, उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सांसद प्रतिनिधि श्री श्याम यादव, आरजेडी जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह ने समस्त जिलावासियों को पाकुड़ जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि आज साइंस शोह्ल का भव्य आयोजन किया गया है। इस विज्ञान एवं कला प्रदर्शन का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना



और सीमित संसाधनों के साथ उन्नत तकनीकी ज्ञान प्रदान करना था। उपायुक्त मनीष कुमार ने अपने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जिला स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री का जो सपना है कि सभी बच्चे अच्छा से पढे, सबको गुणवत्तापूर्वक भोजन मिले, अच्छी सड़के हो, लोगों को रोजगार मिले और धीरे-धीरे झारखंड एक विकसित कुशल सम्पन्न झारखण्ड में तब्दील हो, उसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दिन रात प्रयासरत हैं और जिला प्रशासन भी यहां जिले के सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही जिलावासियों को जिले को अब तक मिली उपलब्धियों से अवगत कराया। जिलावासियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग और सक्रिय होने की अपील की गयी। जिले के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण में सभी जिलावासियों को एकजुट होकर विकास के पथ पर अग्रसर होने का आह्वान किया गया। हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि पाकुड़ के विकास में साथ- साथ मिलकर कार्य करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रहे लोग अपने पाकुड़ के विकास मे भागीदार बने। उपायुक्त ने प्रेरणादायक वीडियो दिखाकर सभी को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को पाकुड़ जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि पहली बार पाकुड़ जिला स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आशा प्रकट की कि पाकुड़ जिला का चहुमुखी विकास होगा और हमारा जिला उन्नति के मार्ग पर और आगे जायेगा। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने कहा कि आज हम सभी यहां पाकुड़ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं, यह दिन हमारे जिले के गौरवशाली इतिहास समृद्ध संस्कृति और विकास यात्रा को याद करने का एक सुनहरा अवसर है। संथाल परगना के अन्तर्गत पाकुड़ क्षेत्र मुख्यतः पाकुड़ राज एवं महेशपुर राज के छोटे-छोटे रियासतें थी। महेशपुर राज को बाद में सुल्तानाबाद भी कहा जाता था। इसकी स्थापना गोरखपुर से आए आबुं सिंह एवं बाकुं सिंह ने की थी। वही कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, आरजेडी, जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया आदि ने पाकुड़ जिला स्थापना दिवस के विषय में अपना अपना विचार रखकर प्रकाश डाला। आईआरओ फाउंडेशन के संस्थापक एवं आईआईटी बीएचयू के अन्वेषक मनोहर कुमार ने विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में कई दिलचस्प और ज्ञानवर्धक वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत किये गये, जिनमें प्रमुख थे। क्लाउड बर्स्ट एक्सपेरिमेंट- बच्चों ने बादलों के फटने की प्रक्रिया को समझा। फायर फाउंटेन और फायर डांस ऑन रॉबिंस ट्यूब- ध्वनि और आग के संयोजन ने सभी को रोमांचित कर दिया। एलिफेंट टूथपेस्ट एक्सपेरिमेंट- रसायन के माध्यम से बड़े पैमाने पर झाग का निर्माण किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान बच्चे न केवल प्रयोगों को देखकर रोमांचित हुए बल्कि उन्होंने विज्ञान के नये-नये सिद्धांतों को समझने की कोशिश भी की। मनोहर कुमार ने बच्चों को नये अन्वेषणों के प्रति जागरूक किया और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने का प्रयास किया।

# देश और दुनिया में हमारी बेटियों ने अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया- सीएम हेमन्त

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची स्थित मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य के अन्तर्राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम को सम्मान सह- आवासीय भूखंड आवंटन पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। मुख्यमंत्री ने स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे व निक्की प्रधान को हरमू आवासीय कॉलोनी में 3750- 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए प्रदान किया। दरअसल इंटरनेशनल हाकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को राज्य सरकार ने आवासीय भूखंड दिया है। झारखण्ड का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने वाली दोनों इंटरनेशनल हाकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को आवासीय भूखंड प्रदान करते हुए घर बनाने के लिए 35-35 लाख रुपये देने का निर्णय लिया गया



है। इसकी घोषणा झारखण्ड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने की है। झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के द्वारा लिये गये निर्णय के तहत बुधवार 29 जनवरी को भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और झारखण्ड की पहली महिला ओलंपियन निक्की प्रधान को हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750- 3750 वर्ग फीट का आवासीय भूखंड का दस्तावेज सौंपा गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो-दो होनहार बेटियों ने झारखण्ड का नाम रोशन किया है। अपने हुनर और अपने अन्दर छिपी हुई प्रतिभा से देश-दुनिया को चकित कर झारखण्ड का लोहा मनवाने में सफल हुई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभाग से खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों के लिए विशेष योजना तैयार करने को कहा, ताकि एक समय के बाद जब ये खिलाड़ी मुख्य धारा से दूर होती हैं तो उनको सरकारी सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि मैंने जो पूर्व में वादा किया था उसे पूरा करने में सफल रहा हुं।

# हेमन्त कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर लगी मोहर

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, हेमन्त कैबिनेट की बैठक में बुधवार 29 जनवरी 2025 को कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। राज्य कैबिनेट ने अहम फैसला लेते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थाओं को सम्मानित करने का ऐलान किया है। झारखण्ड स्टेट हायर एजुकेशन अवॉर्ड स्कीम के तहत शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा कुल नौ पुरस्कारों से सम्मानित करने का काम किया जायेगा।इसके तहत छात्र वर्ग में झारखण्ड राज्य शोध रत्न, शिक्षक वर्ग में झारखण्ड राज्य शोध रत्न जैसे पुरस्कार दिये जायेंगे। कैबिनेट बैठक में झारखण्ड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना सहित 6 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। वही रांची में पदस्थापित झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। आपको बता दें कि मतियस विजय टोप्पो वर्तमान में हजारीबाग के निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन जिला ग्रामीण अभिकरण के पद पर हैं। इन पर धारा 71 ए के तहत पद का दुरुपयोग कर ऐसे मामले जिसमें 1969 के पूर्व भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य नहीं हुए थे, उसका बिना किसी समुचित जांच के आदिवासी जमीन की क्षतिपूर्ति के आधार पर भूमि के अवैध हस्तांतरण का आरोप है। कैबिनेट ने नगर विकास एवं आवास विभाग से निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स जीएसटी दर में वृद्धि 12% के स्थान पर 18% करने का निर्णय लिया है। यह नगर विकास एवं आवास विभाग कार्य संविदाओं में सम्बन्धित भुगतान हेतु प्रक्रिया निर्धारण के सम्बन्ध में लागू होगा। कैबिनेट विभाग के अपर सचिव ने कहा कि इस प्रकार का पथ निर्माण विभाग में पूर्व में संकल्प निर्गत है, इसी आधार पर नगर विकास विभाग का भी किया गया है। साथ ही एक अन्य फैसलों में झारखण्ड हाईकोर्ट के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भागदड़ से हुई हिन्दु श्रद्धालुओं की मौत का जिम्मेवार शत- प्रतिशत योगी की भाजपा सरकार है- विजय शंकर नायक ========== एनपीटी ब्यूरो, रांची, आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भागदड़ में हुई हिन्दु श्रद्धालुओं की मौत होने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भागदड़ में हुई हिन्दु श्रद्धालुओं की मौत का जिम्मेवार शत- प्रतिशत योगी की भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद उन्हें सत्ता में बैठने का एक क्षण भी अधिकार नहीं है, अविलंब नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे योगी सरकार। उन्होंने हिन्दु श्रद्धालुओं की हुई मौत पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक परिवार के आश्रितों को 50 लाख एवं घायल परिवार के लोगों को 10 लाख कि मुआवजा देने की घोषणा करे यूपी सरकार। साथ ही साथ भागदड़ के भीड़ में खोए लोगों की खोज में फोकस कर उनके आश्रितों से मिलवाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए रणनीति बनाये सरकार। नायक ने प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से यह भी मांग करते हुए अनुरोध किया कि यूपी सरकार की निकम्मी व्यवस्था के कारण इतनी बड़ी जान माल की घटना घट गयी। इसलिए केन्द्र सरकार पूरे महाकुंभ की व्यवस्था को सेना के हवाले करे, सम्पूर्ण व्यवस्था को केन्द्र के द्वारा मॉनीटरिंग हो। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी की सरकार व्यवस्था मजबूत करने की बजाय प्रचार में लगी रही। सरकार को श्रद्धालुओं की चिंता करने की बजाय अपने फोटो सेशन में जुटी थी। सरकार को वीआईपी कल्चर बंद करके श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा मे कदम उठाने चाहिए थे जो नही किया गया।

नायक ने कहा यह भी कहा कि आज मौनी अमावस्या स्नान पर महाकुंभ में अव्यवस्था की वजह से हुई भागदौड़ और दम घुटने से श्रद्धालुओं के जान माल के नुकसान के लिए सीधे भाजपा सरकार ही शत- प्रतिशत जिम्मेदार है, तैयारियों के प्रति लापरवाही और महाकुंभ में आम श्रद्धालु की व्यवस्था और चिंता के बजाय भाजपा सरकार ने महाकुंभ को अपने फोटो और वीडियो सेशन का अड्डा बनाकर रख दिया, जिन मंत्रियों पर श्रद्धालुओं के लिए तैयारी कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, वे निमंत्रण बांटने का ड्रामा कर रहे थे, ज्यादा बजट का प्रचार करने वाली भाजपा सरकार में महाकुंभ का बजट भ्रष्टाचार की भेंट एवं उसमें हिन्दु श्रदधालुओ की बली चढ़ गया। कहा कि अब भी समय रहते वीआईपी कल्चर बंद करने की अपील करते हुए कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की आस्था पर सरकार की बद-इंतजामी और झूठे प्रचार कर पानी नहीं फिरना चाहिए था, साधु संत अव्यवस्था से नाराज हैं. यदि सरकार ने उसी समय जागरूकता दिखाई होती तो इस भगदड़ से बचा जा सकता था। अभी भी समय है, सरकार आम श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम सुनिश्चिति करे. वीआईपी स्वागत कल्चर बंद करे, बजट में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर कारवाई करे।आदेश पर सरकार ने फैसला लिया है। कैबिनेट ने न्यायादेश पर सेवानिवृत्त राजकुमार राम की सेवा संपुष्ट करते हुए अनुमानन्य वित्तीय लाभ दिए जाने का निर्णय लिया है। इसी तरह विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य के मामले में विजय कुमार ठाकुर सेवानिवृत 30 अप्रैल 2024 को वरीय अनुदेशक रूप से नियुक्त करते हुए पेंशन आदि लाभों की स्वीकृति दी गई।

# दुमका में झामुमो का 46वां स्थापना दिवस होगा ऐतिहासिक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), मंत्री हाफीजुल हसान ने सोशल एक्स हैंडल पर साझा करते हुए कहा है कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस जुझारू कार्यकर्ता, नेताओं व सबों का त्यौहार है। संताल परगना में जो भी आदिवासी, मूलवासी, अल्पसंख्यक, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के समर्थक, झामुमो के पक्ष में मतदान करने वाले मतदाता उनके लिए दो फरवरी खुशी का दिन होता है। उन्होंने कहा है कि गुरु जी ने जो परंपरा की शुरूआत की थी, उन दिनों संघर्ष का समय चल रहा था। पार्टी की स्थापना दिवस के



दौरान जनता की समस्या एवं दुःख सुनने के लिए दो फरवरी का दिन वर्ल्ड रिकार्ड रहा है। दुनिया में कोई ऐसा पार्टी नहीं है जो 46 साल से लगातार दो बजे दिन में कार्यक्रम की शुरूआत होती है और रात दो बजे को समाप्त होता है। यह कार्यक्रम झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को ऊर्जा व दिशा- निर्देश देने के लिए टानिक का काम करता है। कहा कि गुरु जी को चाहने वाले दो फरवरी को हर हाल में दुमका पहुंचना चाहते हैं। इस बार पार्टी की स्थापना दिवस को लेकर कार्यकताओं का उत्साह चरम पर है। स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मार्गदर्शन और निर्देश देंगे कि सरकार की आगे की क्या योजना होगी। जिससे संताल परगना की जनता लाभान्वित हो सके। संताल परगना के लोगों के उम्मीदों पर सरकार कैसे खड़ी उतरेगी, इस पर चर्चा होगी।

# आउटरीच सह- विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत की गई जागरूक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर डालसा सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में हरिणडांगा मध्य विद्यालय पाकुड़ में पीएलवी कमला राय गांगुली ने नब्बे दिवसीय आउटरीच सह- विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार के कई बिंदु पर जागरूक की। साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा के विरुद्ध जागरूक की गई। वही पाकुड़िया प्रखण्ड मोगलाबांध में पीएलवी सीमा साहा ने ग्रामीणों को स्पॉन्सरशिप योजना , सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न हो इसके लिए जागरूक किया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया।

# महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ की खबर सुनकर मन व्यथित है,मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ है- सीएम हेमन्त सोरेन

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा है कि महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ की खबर सुनकर मन व्यथित है, जिसमें कम से कम 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ है। इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कहा कि हम सभी



को मिलकर ऐसी त्रासदियों से सबक लेना चाहिए। सीएम हेमन्त सोरेन ने लिखा कि पूर्ण आशा है कि भारत सरकार इस घटना की पूरी तरह से जांच करेगी और ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। हम सभी को मिलकर ऐसी त्रासदियों से सबक लेना चाहिए और भविष्य में सुरक्षा के उचित इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए, .ताकि ऐसी घटना दुबारा ना हो।

**भागदड़** | महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भागदड़ से हुई

# हिन्दु श्रद्धालुओं की मौत का जिम्मेवार शत- प्रतिशत योगी की भाजपा सरकार है- विजय शंकर नायक

एनपीटी ब्यूरो, रांची, आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भागदड़ में हुई हिन्दु श्रद्धालुओं की मौत होने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भागदड़ में हुई हिन्दु श्रद्धालुओं की मौत का जिम्मेवार शत- प्रतिशत योगी की भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद उन्हें सत्ता में बैठने का एक क्षण भी अधिकार नहीं है, अविलंब नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे योगी सरकार। उन्होंने हिन्दु श्रद्धालुओं की हुई मौत पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक परिवार के आश्रितों को 50 लाख एवं घायल परिवार के लोगों को 10 लाख कि मुआवजा देने की घोषणा करे यूपी सरकार। साथ ही साथ भागदड़ के भीड़ में खोए लोगों की खोज में फोकस कर उनके आश्रितों से मिलवाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए रणनीति बनाये सरकार। नायक ने प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से यह भी मांग करते हुए अनुरोध किया कि यूपी सरकार की निकम्मी व्यवस्था के कारण इतनी बड़ी जान माल



की घटना घट गयी। इसलिए केन्द्र सरकार पूरे महाकुंभ की व्यवस्था को सेना के हवाले करे, सम्पूर्ण व्यवस्था को केन्द्र के द्वारा मॉनीटरिंग हो। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी की सरकार व्यवस्था मजबूत करने की बजाय प्रचार में लगी रही। सरकार को श्रद्धालुओं की चिंता करने की बजाय अपने फोटो सेशन में जुटी थी। सरकार को वीआईपी कल्चर बंद करके श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा मे कदम उठाने चाहिए थे जो नही किया गया। नायक ने कहा यह भी कहा कि आज मौनी अमावस्या स्नान पर महाकुंभ में अव्यवस्था की वजह से हुई भागदौड़ और दम घुटने से श्रद्धालुओं के जान माल के नुकसान के लिए सीधे भाजपा सरकार ही शत- प्रतिशत जिम्मेदार है, तैयारियों के प्रति लापरवाही और महाकुंभ में आम श्रद्धालु की व्यवस्था और चिंता के बजाय भाजपा सरकार ने महाकुंभ को अपने फोटो और वीडियो सेशन का अड्डा बनाकर रख दिया, जिन मंत्रियों पर श्रद्धालुओं के लिए तैयारी कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, वे निमंत्रण बांटने का ड्रामा कर रहे थे, ज्यादा बजट का प्रचार करने वाली भाजपा सरकार में महाकुंभ का बजट भ्रष्टाचार की भेंट एवं उसमें हिन्दु श्रदधालुओ की बली चढ़ गया। कहा कि अब भी समय रहते वीआईपी कल्चर बंद करने की अपील करते हुए कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की आस्था पर सरकार की बद-इंतजामी और झूठे प्रचार कर पानी नहीं फिरना चाहिए था, साधु संत अव्यवस्था से नाराज हैं. यदि सरकार ने उसी समय जागरूकता दिखाई होती तो इस भगदड़ से बचा जा सकता था। अभी भी समय है, सरकार आम श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम सुनिश्चिति करे. वीआईपी स्वागत कल्चर बंद करे, बजट में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर कारवाई करे।

# अवैध कोयला परिवहन को ले पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ नगर थाना पुलिस के द्वारा बगैर नम्बर प्लेट के टोटो वाहन से करीब दो क्विंटल कोयला अवैध रूप से परिवहन करते हुए 22 वर्षीय अलीम अंसारी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उल्लेखनीय व्यक्ति के विरुद्ध धारा 302(2)/ 317 (4) बीएनएस के तहत पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या- 25/2025 दर्ज किया गया है।




# यमुना जी में ही डूबेगी 'आप-दा' वालों की लुटिया

## केजरीवाल पर पीएम मोदी का पलटवार, बोले

# पानी पिलाना धर्म, कोई कैसे कह...

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

दिल्ली। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि मुझे पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बाते करने वालों को दिल्ली इस बार सबक सिखाएगी। इन आप-दा वालों की लुटिया यमुना जी में ही डूबेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ में आप-दा वालों ने एक और घोर पाप किया है और ये पाप कभी भी माफ नहीं हो सकता है।



अरविंद केजरीवाल और आतिशी के हरियाणा पर यमुना नदी के पानी में जहर घोलने के आरोप के बाद से सियासत तेज हो गई है। इन सबके बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने इसको लेकर अरविंद केजरीवाल पर पलटवार किया है। मोदी ने कहा कि अअढ-दा वाले कह रहे हैं कि हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। ये सिर्फ हरियाणा का नहीं बल्कि भारतीयों का अपमान है, हमारे संस्कारों का अपमान, हमारे चरित्र का अपमान है। ये वो देश है, जहां पानी पिलाना धर्म माना जाता है। इस देश के लोगों पर ऐसा झूठा आरोप कि कुछ भी बोल रहे हैं।

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि मुझे पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बाते करने वालों को दिल्ली इस बार सबक सिखाएगी। इन अअढ-दा वालों की लुटिया यमुना जी में ही डूबेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ में अअढ-दा वालों ने एक और घोर पाप किया है और ये पाप कभी भी माफ नहीं हो सकता है। दिल्ली के एक पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा के लोगों पर घिनौने आरोप लगा दिए हैं। हार के डर से ` आप-दा वाले बौखला गए हैं। क्या हरियाणा दिल्ली से अलग है? क्या हरियाणा वालों के बच्चे, परिवार और नाते-रिश्तेदार दिल्ली में नहीं रहते। क्या हरियाणा के लोग अपने ही बच्चों के पानी में जहर मिला सकते हैं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा का भेजा हुआ यही पानी दिल्ली में रहने वाला हर कोई पीता है, पिछले 11 साल से ये प्रधानमंत्री भी पीता है, सभी न्यायमूर्ति और बाकी सभी सम्मानित लोग भी पीते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि गलती माफ करना भारत के नागरिकों का उदार चरित्र है। लेकिन जानबूझकर, बद इरादे से पाप करने वालों को न दिल्ली कभी माफ करती है, न देश माफ करता है। मोदी ने कहा कि आप सभी को इनकी (` आप-दा वालों की) एक और चाल से सावधान रहना है। अअढ-दा को हार का एहसास हो चुका है, इनके हर विधायक को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। इसलिए ` आप-दा और कांग्रेस ने पर्दे के पीछे एक दूसरे से गठबंधन कर लिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ` आप-दा कोशिश कर रहे हैं कि उसका नहीं तो कांग्रेस का विधायक जीत जाए, ताकि बाद में मिलकर सत्ता हथियाने का काम हो जाए, ऐसे तो दिल्ली पर डबल आपदा आ जाएगी। इसलिए आपको घर-घर जाना है और सबको कहना है कि कमल निशान पर ही वोट दें। 5 फरवरी को दिल्ली में वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिएं। आप याद रखना - अअढ-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। मोदी ने यह भी कहा कि हम योजनाएं बंद करने वालों में से नहीं हैं। हम योजनाओं को बल देने वाले लोगों में से हैं।

## अब नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे और नया बदलाव नई उम्मीद की:प्रत्याशी संजय गोयल

भारतीय जनता पार्टी शाहदरा विधानसभा प्रत्याशी संजय गोयल द्वारा आज नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे और नया बदलाव नई उम्मीद की उद्घोषणा के साथ विधानसभा के झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र , फ्रेंड्स कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र, दामोदर पार्क और दिलशाद गार्डन में कार्यरत बड़ी संख्या में उपस्थित उद्यमियों को संबोधित किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने पार्षद कार्यकाल के दौरान उन्होंने सभी औद्योगिक क्षेत्र को हर प्रकार के भ्रष्टाचार और लाइसेंस राज से मुक्त रखा था तथा औद्योगिक क्षेत्र को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई थी इस बार फिर विधानसभा चुनाव में विजयी होने के बाद उनका मुख्य लक्ष्य औद्योगिक क्षेत्र को हर प्रकार की मूलभूत सुविधाओं जैसे सीवर व्यवस्था दुरुस्त करना, पुरानी पानी की सप्लाई लाइनों को बदलना, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाना, उद्यमियों को पार्किंग स्थल उपलब्ध कराना जैसी अनेकों समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा गौरमतलब बात है कि भाजपा प्रत्याशी संजय गोयल स्वयं भी यहाँ से सफल और स्थापित उद्यमी है साथ ही साथ वह स्वयं झिलमिल और फ्रेंड्स



कॉलोनी सीईटीपी सोसायटी के वरिष्ठ उपप्रधान है

अपने संबोधन में संजय गोयल ने कहा कि उनका लक्ष्य दिल्ली वासियों के लिए बेहतर शिक्षा , स्वास्थ्य मुहैया कराना है और रोजगार की सुनिश्चिता करना है। वह बदलाव की दिशा में काम करेंगे हमारे लिए चुनाव केवल राजनीति का हिस्सा नहीं बल्कि एक मिशन है हम हर क्षेत्र में समान विकास और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेंगे औद्योगिक क्षेत्र में आज की बैठक में चेयरमैन डॉ अनिल गुप्ता, प्रधान राकेश बंसल,महासचिव नरेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष अनुराग जैन, सहसचिव विनीत जैन सहित हरीश गर्ग, राहुल गुप्ता, राम भाई, नीरज गुप्ता सहित बहुत बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में एलुमनाई लेक्चर का हुआ आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मुरादनगर। आईटीएस डेन्टल कॉलेज गाजियाबाद में बीडीएस पाठ्क्रम के विद्यार्थियों एलुमनाई लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रोत्साहन हेतु कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ. प्रीती शर्मा द्वारा एक एलुमनाई लेक्चर प्रस्तुत किया गया। जिसका विषय रिसेंट ट्रेन्डस इन क्लीनिकल प्रेक्टिस रहा। इस लेक्चर में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। डॉ प्रीती ने अपनी एमडीएस की पढ़ाई आईटीएस डेन्टल कॉलेज मुरादनगर से पूर्ण की थी। वर्तमान में डॉ प्रीति डेंटविन क्लीनिक में प्रमुख के रूप में कार्यरत है। लेक्चर के दौरान डॉ प्रीती ने एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थियों को क्लिनकल प्रैक्टिस में मौजूदा नवीनतम उपचार की प्रक्रियाओं से अवगत कराया। यह व्याख्यान बहुत महत्वपूर्ण रहा। इस व्याख्यान के माध्यम से छात्रों को न केवल दंत चिकित्सा पद्धति में विभिन्न मौजूदा प्रक्रियाओं के बारे में पता चला, बल्कि मौजूदा दंत चिकित्सा पद्धति को कैसे विकसित किया जाये, इस पर भी छात्रों को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को वर्तमान दंत चिकित्सा पद्धति में आने वाली





जटिलताओं को दूर करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान किया गया और साथ ही नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के साथ चल रहे अभ्यास को बनाए रखने के सुझाव भी दिये गये। डॉ प्रीती द्वारा छात्रों को दंत रोगों के समग्र प्रबंधन में लेजर, डिजिटल दंत चिकित्सा के लाभों का उपयोग करने पर ध्यान देने के साथ मौजूदा प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं के बारे में गहन चर्चा की और उनका मार्गदर्शन किया। डॉ प्रीती ने विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिये। अंत में संस्थान केडायरेक्ट- प्रिंसिपल डॉ देवी चरण शेट्टी एवं डीन-सीडीई एवं रिसर्च डॉ पायल द्वारा डॉ प्रीती को मोमेंटो दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त हुआ, जिसके लिये सभी ने आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्डा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्डा को धन्यवाद दिया।

## तीर्थ यात्रियों की मदद के लिए संस्था ने संभाला मोर्चा, वितरित किया बिस्कुट चाय और पानी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चांदा सुलतानपुर। रूट डायवर्जन से आसपास के जनपदों सहित अन्य प्रदेशों के तीर्थ यात्री अपने वाहनों के साथ जगह-जगह भटकते नजर आए। तीर्थ यात्रियों को स्थानीय छापर गांव की परोकार सेवा संस्था ने शाहपुर पेट्रोल पम्प पर निःशुल्क बिस्कुट चाय एवं पानी का वितरण किया। संस्था से जुड़े कार्यकताओं ने तीर्थ यात्रियों को आग्रह पूर्वक निःशुल्क बिस्किट पानी और चाय पिलाया। तो तीर्थ यात्रियों ने संस्था खास करके कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

चांदा और आसपास के तमाम इलाके में बिहार हरियाणा झारखंड वेस्ट बंगाल सहित अन्य प्रदेशों की गाड़ियां आज जगह-जगह लोगों से रास्ता पूछते देखी गई। तीर्थ यात्री प्रशासन द्वारा रूट डायवर्जन को लेकर हैरान परेशान देखे गए। एक बार फिर से करोना कालखंड स्मृतियों में कौंध गया। जब इसी तरह से विभिन्न प्रदेशों के यात्री पैदल सड़कों से आते-जाते देखे गए। जिन्हें आम लोगों ने भोजन पानी आदि की व्यवस्था किया था। ठीक उसी तरह से विभिन्न प्रदेशों की गाड़ियों में बैठे तीर्थयात्री बदहाल बेहाल सड़क दर सड़क रास्ता पूछते नजर आए।

संस्था के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने बताया कि संस्था भारत के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर तीर्थ यात्रियों के लिए विविध आयोजन करती है। तीर्थ यात्रियों के लिए यह सेवा दी जा रही है। सीबी सिंह, सुरेंद्र नाथ द्विवेदी, विद्याधर तिवारी, पूर्व जिलापंचायत दयाशंकर सिंह एवं बृजलाल के अलावा शाहपुर के प्रधान बृजलाल पाल पूर्व प्रधान राय साहब सिंह, जटाशंकर शुक्ला, पूर्व प्रधान दुखहरण सिंह, भगेलू शुक्ला, नन्हे सिंह अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

## संगम होण्डा गाजियाबाद द्वारा होण्डा मोटर साईकिल एवं होण्डा एक्टिवा स्कूटर के नए वर्जन की लॉन्चिंग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

साहिबाबाद। साहिबाबाद लिंक रोड स्थित संगम होण्डा गाजियाबाद द्वारा होण्डा एसपी 125 मोटर साईकिल एवं होण्डा एक्टिवा 1250 बीडी 2 बी को लान्च किया गया। एक्टिवा एवं एसपी 125 मोटर साइकिल हमेशा ग्राहकों की पसन्दीदा रही है। इसका नया वर्जन और भी बेहतर बनाया गया है। ब्लूटूथ कनेक्टिवटी, नेविगेशन और यूएसबी टाइप सी चार्जर पोर्ट जैसे स्मार्ट फीचर, यह डिस्पले होण्डा रोड लिंक ऐप के साथ काम करता है।



जिससे राइडर्स को काल मैसेज अलर्ट जैसी सुविधा भी मिलती है, साथ ही म्यूजिक का आनन्द भी उठा सकते हैं। इन गाड़ियों की लॉन्चिंग संगम होण्डा की डायरेक्टर (मालिक ) प्रीति नरूला पत्नी रोहित नरूला द्वारा की गयी। सभी सम्मानित ग्राहकों एवं सभी स्टाफ मैनेजर विपिन जोशी, जर्नल मैनेजर अंकित त्यागी एवं सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में लॉन्चिंग की गई। आम ग्राहकों ने लॉन्चिंग का फायदा उठाते हुए खूब खरीदारी भी की एवं उपहारों का भी लाभ उठाया।

## 'पांच साल में यमुना नहीं की साफ, लोग पी रहे गंदा पानी', अरविंद केजरीवाल पर बरसे राहुल गांधी

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के बवाना इलाके में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि वह यमुना को साफ नहीं कर सके। दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है और वह शीश महल में रहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन बुधवार आम आदमी पार्टी व उसके मुखिया अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला किया। कांग्रेस सांसद ने याद दिलाया कि पांच साल पहले केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना में स्नान करेंगें, यमुना का पानी पिएंगे। लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी वह यमुना को साफ नहीं कर सके। दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है और वह शीश महल में रहते हैं।

## इंजीनियरिंग छात्रों को मिली मंजिल,14 छात्रों का 6 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी सोप्रा स्टेरिया द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और संबंधित कंप्यूटर साइंस एलाइड ब्रांच के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कंपनी की चयन प्रक्रिया में रिज्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, ऑनलाइन लिखित परीक्षा और अंतिम चरण में एचआर इंटरव्यू शामिल था। सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए कुल 14 छात्रों का 6 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चयन किया गया।




संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. अजय कुमार, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डीन कॉर्पोरेट रिलेशंस कट्यायनी शुक्ला, साथ ही अजय कुमार, गरिमा, बाबू, अंकित और दिव्यांक ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

डायरेक्टर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि संस्थान न केवल छात्रों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास में भी सहायता करता है। उन्होंने चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड निरंतर बेहतर हो रहा है। यह उपलब्धि संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का प्रमाण है, जो भविष्य में और अधिक संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

### सूचना

मेरा पुत्र प्रवेज व पुत्रवधू बुशरा झगड़ा–फसाद करते रहते हैं और दोनों गलत संगत में पड़ गए हैं। इस कारण मैं दोनों को अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**— राजिया पत्नी इलियास**
**निवासी मोहल्ला मौलालान थाना कांधला जनपद शामली।**

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई–19,सेक्टर–6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय–209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन– 0120–4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः– समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।